
हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 25.1 डिग्री

14 कुम्हारी टोल प्लाजा हटाएं, दो पूर्व विधायकों ने गडकरी को...



14 सुशासन तिहार पर नहीं पड़ेगा पंचायत सचिवों के आंदोलन...



# तनाव कम करने सेंट्रल जेल के बंदी देखेंगे हफ्ते में एक दिन फिल्म!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सेंट्रल जेल रायपुर के बंदियों में नैतिक मूल्य विकसित करने देशभतक्ति के साथ प्रेरणादायी मूवी दिखाने का नया प्रयोग किया जा रहा है। जेल प्रबंधन का मानना है कि जेल के ऐसे बंदी जो अनजाने में किए गए अपराध बोध से अवसाद में हैं, उनका पिक्चर देखने से मूड फ्रेश होगा और काफी हद तक ऐसे बंदियों को फिल्म के माध्यम से स्ट्रेस से उबारने में मदद मिलेगी। जेल प्रशासन का मानना है कि मूवी के माध्यम से बंदियों में जहां नैतिक मूल्य विकसित किया जाएगा, वहीं जेल से छूटने के बाद उन्हें समाज की मुख्यधारा में जोड़ने मदद मिलेगी।

अलग खबर

## जेल में प्रोजेक्टर, बड़ी स्क्रीन के साथ साउंड सिस्टम लगाने चल रही तैयारी

### तकनीकी विशेषज्ञों की मदद

जेल में मूवी दिखाने जेल मुख्यालय से स्वीतृति मिलने के बाद एक बड़े हाल में प्रोजेक्टर लगाने और संचालन के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। इन एक्सपट्र्स के सहयोग से प्रोजेक्टर, बड़ी स्क्रीन, साउंड सिस्टम जैसी सभी तकनीकी व्यवस्थाएं की जा रही हैं, ताकि कैदी और बंदी अनुशासित रूप से फिल्में और शिक्षाप्रद शॉर्ट फिल्में देख सकें।

- जेल के बंदियों को हर शनिवार पिक्चर दिखाई जाएगी
- समाज की मुख्य धारा में कैदियों को जोड़ने में मदद मिलेगी



### चयन के बाद फिल्म का प्रशारण

जेल में बंदियों को किस तरह की फिल्में दिखाई जाएंगी, इसका जेल प्रशासन पहले चयन करेगा। इसके लिए तीन सदस्यी कमेटी बनाई गई है। कमेटी की अनुशंसा के आधार पर जेल अधीक्षक फिल्म प्रशारण करने की स्वीकृति देंगे। इसके बाद फिल्म दिखाई जाएगी। हिंसा व आपराधिक प्रवृतियों को बढ़ावा देने वाले दृश्यों को सेंसर करने के बाद ही फिल्म दिखाई जाएगी। बताया जा रहा है कि फिल्म देखने के लिए कैदियों और बंदियों में होड़ लगी हुई है, लेकिन सभा भवन की क्षमता के अनुसार प्रवेश दिया जाएगा।

सेंट्रल जेल रायपुर में करीब 850 विचाराधीन के साथ सजायाफ्ता बंदियों को 1962 के भारत पाकिस्तान की लड़ाई में लोंगेवाला पोस्ट पर भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और साहस पर बनी फिल्म बॉर्डर दिखाई गई। फिल्म जेल परिसर के भीतर सभा भवन में प्रोजेक्टर पर दिखाई गई। इस दौरान जेल प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। जेल अधीक्षक अमित शाडिल्य ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को जीवन मूल्यों, आत्मसुधार, राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति से ओतप्रोत एवं प्रेरणादायक और शार्ट फिल्में दिखाई जाएंगी, ताकि कैदियों के भीतर सकारात्मक सुधार के साथ ही देशप्रेम की भावना बढ़े। साथ ही वे आपराधिक प्रवृतियों से नफरत करें। सभी को रोटेशन के आधार पर फिल्म देखने का मौका मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### मीडिया ब्रीफिंग के लिए पुलिस मुख्यालय ने जारी किया एसओपी

रायपुर। पुलिस मुख्यालय ने पुलिस की छवि चमकाने मीडिया ब्रीफिंग के लिए जिलास्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक जिम्मेदारी तय की है। पुलिस मुख्यालय ने मीडिया ब्रीफिंग के लिए जो एसओपी तैयार की है। उसके अनुसार जिलास्तर पर घटित अपराध, अन्य प्रकरणों से संबंधित ब्रीफिंग संबंधित जिले के एसपी करेंगे। अंतर्जिला प्रकरण, गंभीर आपराधिक प्रकरणों में संबंधित ब्रीफिंग रेंज आईजी करेंगे। राज्य स्तरीय आपराधिक प्रकरण, कानून व्यवस्था, नक्सल घटनाओं, चुनाव अन्य महत्वपूर्ण कार्यों हेतु पुलिस बल की तैनाती, पुलिस विभाग से संबंधित रणनीतिक मुद्दों पर ब्रीफिंग पुलिस मुख्यालय स्तर पर नामित प्रवक्ता द्वारा की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में जान बचाने वालों को गुड सेमेटेरियन



रायपुर। सड़क हादसों में घायलों की मदद कर उनकी जान बचाने वालों को एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने गुड सेमेटेरियन का पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया। गुट सेमेटेरियन का पुरस्कार पाने वालों में मंदिर हसौद रीवा निवासी प्रफुल्ल साहू, मंदिर हसौद, छतौना निवासी गौरव भारती, मंदिर हसौद, गोढ़ी निवासी गुलशन बंजारे, जोरा निवासी नागेंद्र सिंह राजपूत तथा खमतराई निवासी रविंद्र सिंह के नाम शामिल हैं।

### सीएसईबी स्टोर डिवीजन में चोरी, चार गिरफ्तार



रायपुर। गुढ़ियारी स्थित सीएसईबी स्टोर डिवीजन में 16 हर रुपए के एल्युमिनियम तार चोरी करने के आरोप में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी के आरोप में धर्मेंद्र सिंह सरन उर्फ विक्का, खिलावन साहू उर्फ छोटू, संजय मोंगराज, रूपेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। चारों बदमाश सीएसईबी कर्मी जतिंद्र सिंह बोस पर पथराव कर तार चोरी कर ले गए थे।

### धमतरी के शातिर बाइक चोर से पांच वाहन जब्त



रायपुर। एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम तथा खरोरा पुलिस ने धमतरी के एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दो लाख रुपए कीमत की चोरी की पांच बाइक जब्त की है। पुलिस ने बाइक चोरी करने के आरोप में धमतरी रूद्री निवासी सूरज यादव को गिरफ्तार किया है। सूरज ने खरोरा के साथ रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की थी।

### गर्मी को देखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने बदला था समय

# एक शहर और नियम दो... केंद्रीय विद्यालय में तप रहे बच्चे, निजी विद्यालयों में आधे ही मान रहे आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

चार दिनों के बादल छंटने के बाद शहर फिर से गर्मी से हलाकान है। अप्रैल में हर साल सीबीएसई छात्रों का नवीन सत्र प्रारंभ हो जाता है। पखवाड़े भर गर्मी में तपने के बाद धूप से लाल-काले हुए बच्चों की तस्वीर देखकर एसी में बैठे शिक्षा विभाग के अधिकारियों को याद आता है कि मौसम बदल गया है और गर्मी सिर पर है। फिर बचे हुए चंद दिनों के लिए समय बदला जाता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। नवीन सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही लोक शिक्षण संचालनालय ने आदेश जारी करते हुए बच्चों को 11 बजे छोड़ने का आदेश दे दिया। इसके बाद भी छात्रों को 40 डिग्री पार हो चली गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण यह है कि डीपीआई आदेश जारी कर मॉनिटरिंग करना भूल गया है।

हरिभूमि लाइव

प्रदेश छोड़िए, शहर में ही दो तरह के नियम लागू हैं। केंद्रीय विद्यालय में छात्रों की कक्षाएं दोपहर एक बजे छूट रही है। केंद्रीय विद्यालय केंद्रीकृत संगठन के नियमानुसार संचालित होते हैं। निजी विद्यालयों में भी आधे शासन के आदेश का पालन कर रहे हैं तो आधे स्कूल मनमानी करते हुए अपने अनुसार छात्रों को छोड़ रहे हैं। कई पालकों ने इसे लेकर नाराजगी भी जताई है।



### दिखवाता हूं

स्कूल में कक्षाएं संचालित करने के लिए विभाग द्वारा समय सारिणी तय की जाती है। समय संबंधित समस्याएं संज्ञान में नहीं थी। मैं पूरे मामले को दिखवाता हूं।

**- गौरव सिंह,** कलेक्टर रायपुर

### 12 बजे ना हो आवागमन

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिन विद्यालयों में मात्र एक शिफ्ट में कक्षाएं संचालित होती हैं, वहां सुबह 7 से 11 बजे तक स्कूल संचालन होगा। दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालयों में प्रथम पाली की कक्षा सुबह 7 से 11 बजे तथा द्वितीय पाली की कक्षा 11 से 3 बजे तक संचालित होगी। कक्षाएं प्रारंभ होने तथा छूटने के समय को इस तरह से बांटा गया है कि छात्रों को दोपहर 12 बजे या उसके-पास आवागमन ना करना पड़े, क्योंकि इस वक्त सूर्य की किरणें सबसे ज्यादा तेज रहती हैं।

### उपचारात्मक कक्षाएं

छोटे बच्चों की छुट्टियां 11 बजे ही हो रही हैं। केवल 10वीं-12वीं के छात्रों की छुट्टी एक बजे हो रही है, क्योंकि उनकी उपचारात्मक कक्षाएं संचालित हो रही हैं। इसके लिए पालकों से सहमति ली गई थी।

**- सुजीत सक्सेना,** प्राचार्य केंद्रीय विद्यालय

### छात्रों को 11 बजे छोड़ने का आदेश, लेकिन 1 बजे तक संचालित हो रही कक्षाएं

ऐसे रहे सोमवार को नजारे...





*दृश्य-1.* केंद्रीय विद्यालय में छोटे बच्चों को सुबह 11 बजे छुट्टी दे दी गई। 10वीं-12वीं के बच्चों को दोपहर एक बजे छोड़ा गया। साइकिल सहित अन्य माध्यमों से घर जाते बच्चे गर्मी से जूझते दिखे।


*दृश्य-2.* बैरनबाजार स्थित एक प्रायमरी स्कूल में बच्चों को लगभग 12 बजे छोड़ा गया। पालक उन्हें स्कार्फ बांधकर और छाते की मदद से धूप से बचाते दिखे।

*दृश्य-3.* सिविल लाइन स्थित एक प्रतिष्ठित निजी विद्यालय में बीते सप्ताह बच्चों को 12 बजे तक ही छोड़ा जाता रहा। सोमवार से बच्चों को समय में थोड़ी राहत दी गई, लेकिन शासन के आदेश का पूर्णतः पालन नहीं हुआ।

*दृश्य-4.* मोवा में बच्चों को घर लेकर लौटते एक पालक ने कहा कि उन्हें समय-परिवर्तन की सूचना है, लेकिन स्कूल इसे लागू नहीं कर रहे हैं। विरोध करने पर बच्चों के अंक खराब किए जाने का भय होता है, इसलिए उन्होंने कोई शिकायत नहीं की है।

## बढ़ती गर्मी, सुबह-शाम की फ्लाइट पर ज्यादा लोड, दोपहर के सफर से बच रहे यात्री

- दोपहर की तुलना में सुबह और शाम की उड़ानों का किराया ज्यादा
- यात्री बढ़ने के लिए गर्मी की छुट्टी होने का इंतजार, अभी स्थिति सामान्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में बढ़ रही गर्मी का असर स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से दोपहर के वक्त संचालित होने वाली फ्लाइट पर होने लगा है। बढ़ती गर्मी की वजह से यात्री सुबह और शाम के शेड्यूल में संचालित होने वाली फ्लाइट का चुनाव कर रहे हैं। इसकी वजह से दोपहर में आवाजाही करने वाली फ्लाइट में यात्रियों की संख्या कम है। अभी विमानों में आवाजाही करने वालों की संख्या सामान्य है आने वाले दिनों में गर्मी की छुट्टी शुरू होने के बाद इसमें बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 28-30 विमानों की आवाजाही होती है, जिसमें प्रतिदिन ⏭ शेष पेज 13 पर

### चार घंटे में दर्जनभर फ्लाइट

सूत्रों के अनुसार रायपुर एयरपोर्ट में दोपहर 12 से अपरान्ह 4 बजे यानी चार घंटे में दर्जनभर विमानों का संचालन होता है। इसमें हैदराबाद, दिल्ली, अहमदाबाद, विशाखापट्नम, बेंगलुरु, पुणे तथा भोपाल के लिए शेड्यूल के हिसाब से विमानों की आवाजाही होती है। दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु जैसे शहरों की यात्रा के लिए दूसरा विकल्प होने की वजह से यात्रा करने दूसरी टाइमिंग की फ्लाइट का चुनाव करते हैं।

### अभी किराया सामान्य जैसी स्थिति में

| | |
|---|---|
| दिल्ली | 8500 से 12 हजार |
| मुंबई | 5800 से 75 सौ |
| हैदराबाद | 4800 से 65 सौ |
| इंदौर | 6800 से 7 हजार |

### सर्वे में तय हुआ था पीक

गर्मी के मौसम में यात्रियों की संख्या के हिसाब से विमानतल में अतिरिक्त इंतजाम रखने के लिए कुछ साल पहले विमानतल प्रबंधन द्वारा सर्वे कराया गया था। उस दौरान विमानतल में पीक टाइमिंग सुबह और शाम के वक्त माना गया था। इसके बाद से एयरपोर्ट में दोनों वक्त में संचालित होने वाले विमानों को ध्यान में रखते अतिरिक्त इंतजाम किया जाता है। शहर में संचालित होने वाली 70 फीसदी फ्लाइट सुबह और शाम के टाइम आवाजाही करती है।

## कवासी लखमा की पुलिस रिमांड एक बार फिर बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू द्वारा गिरफ्तार किए गए पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की स्पेशल कोर्ट ने एक बार फिर पुलिस रिमांड अवधि बढ़ाने का आदेश दिया है। ईओडब्ल्यू के आवेदन पर कोर्ट ने कवासी को 11 अप्रैल तक ईओडब्ल्यू की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद सोमवार को कवासी लखमा को कोर्ट में पेश किया गया था। ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में आवेदन पेश कर रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग की थी। शराब ⏭ शेष पेज 13 पर

- ईओडब्ल्यू ने 2 अप्रैल को किया था गिरफ्तार
- 7 अप्रैल तक पूछताछ करने लिया था रिमांड पर

### पूछताछ में नहीं दे रहे सहयोग

सूत्रों के मुताबिक, कवासी लखमा से ईओडब्ल्यू को पूछताछ में कोई सहयोग नहीं मिल रहा है। इस वजह से उनकी दोबारा रिमांड ली गई है। किसी भी तरह के सवाल पूछे जाने पर कवासी लखमा जांच एजेंसी को गोलमोल जवाब दे रहे हैं। साथ ही सवाल पूछे जाने पर पूर्व में ईडी को जवाब देने की बात कहकर सवालों से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

## विकास अधिकारी के 200 पदों पर भर्ती, ग्रामीण विकास में पीजी करने वालों को 15% अतिरिक्त अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- व्यापम ने शुरू की आवेदन प्रक्रिया, 2 मई तक भर सकेंगे फॉर्म
- 15 जून को आयोजित होगी परीक्षा, स्नातक अनिवार्य

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सहायक विकास अधिकारी के 200 पदों के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। कैंडिडेट्स इसके लिए 2 मई तक आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए स्नातक की उपाधि होना अनिवार्य है, लेकिन ग्रामीण विकास विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि रखने वाले विद्यार्थियों को 15% का अतिरिक्त वेटेज मिलेगा। व्यापम द्वारा जारी की गई अधिसूचना में इसका जिक्र किया गया है। इसके मुताबिक, अभ्यर्थियों के 85% अंकों की गणना उनके द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर होगी, जबकि शेष 15% अंकों की गणना ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर की उपाधि के आधार पर होगी।

अर्थात ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने ग्रामीण विकास में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल की है, उन्हें 15% अंक अतिरिक्त मिलेंगे। विकास आयुक्त कार्यालय द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में रिक्त पदों पर यह भर्ती की जा रही है। परीक्षा 15 जून को होगी, जबकि प्रवेश पत्र 6 जून को जारी होंगे। इसके पूर्व 2 मई तक आवेदन करने के पश्चात 3 से 5 मई तक का समय त्रुटि सुधार के लिए दिया जाएगा। सभी 33 जिला मुख्यालयों में यह परीक्षा होगी।




### पूछा जाएगा पंचायत राज

भर्ती परीक्षा में सामान्य अध्ययन के साथ ही छग के सामान्य ज्ञान आधारित सवाल भी पूछे जाएंगे। ग्रामीण विकास की योजना एवं पंचायती राज संबंधित सवाल भी परीक्षा का हिस्सा होंगे। इसके अंतर्गत आजीविका संबंधित योजना, पंचायत राज और ग्रामीण विकास फ्लैगशिप योजना के टॉपिक शामिल रहेंगे। सामान्य हिंदी के सवाल भी पूछे जाएंगे। व्यापम द्वारा इसके लिए पृथक सिलेबस जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट पर इसे देख सकते हैं।

### प्रवेश परीक्षाओं के बाद भर्ती परीक्षाएं

व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा एक मई से पीपीटी और प्री एमसीए प्रवेश परीक्षाओं के साथ इसकी शुरुआत होगी। इसके बाद ही व्यापम भर्ती परीक्षाएं भी आयोजित करेगा। 5 जून को अंतिम भर्ती परीक्षा होगी। इसके पश्चात सहायक विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा के साथ विभिन्न विभागों में नियुक्ति के लिए परीक्षाएं ली जाएंगी। प्रवेश परीक्षाओं के बाद होने वाली भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं।

*बंद आरोपी को दूसरी जेल में शिफ्ट किए जाने की चर्चा*

## जेल में बंद कोल घोटाला के आरोपी के पास से मोबाइल, मादक पदार्थ, नकदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य के चर्चित तथा हाईप्रोफाइल कोल घोटाला मामले में जेल में बंद एक आरोपी के कब्जे से जांच के दौरान प्रतिबंधित मादक पदार्थ, नकदी तथा मोबाइल मिलने की सूत्रों ने जानकारी दी है। जिस बंदी के पास से कैश के साथ मोबाइल, नकदी तथा मादक पदार्थ जब्त किया गया है, वह कोई चंद्राकर बताया जा रहा है। आरोपी के कब्जे से मोबाइल, कैश तथा मादक पदार्थ जब्ती की जेल प्रशासन ने किसी तरह से कोई पुष्टि नहीं की है। चर्चा है कि जिस बंदी के पास से जब्ती की कार्रवाई की गई है, उसका स्थानांतरण किसी दूसरी जेल में किए जाने की चर्चा चल रही है। बंदी को किसी दूसरी जेल में शिफ्ट किए जाने संबंधित किसी तरह का आवेदन अब तक कोर्ट में पेश नहीं किया गया है। सूत्रों के मुताबिक रूटीन जांच के दौरान कोल घोटाला ⏭ शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411


मान. धनंजय सिंह परिहार जी
प्रदेश प्रमुख
8 अप्रैल 2025
छत्तीसगढ़
शिवसेना
श्री राम जन्मोत्सव
की भव्य
शोभायात्रा
में आप सभी का हार्दिक अभिनंदन है
मान. संतोष शुक्ला जी
प्रदेश प्रवक्ता
शिवसेना
मान. मधुकर पाण्डेय जी
प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष
स्थान : विठ्ठल मंदिर, नवीन मार्केट फूल चौक, रायपुर (छ.ग.) समय : शाम 4 बजे से
दिनेश सिंह ठाकुर
रायपुर जिला अध्यक्ष

## खबर संक्षेप



### राजा मोरध्वज मानस संगठन ने किया रामायण पाठ

**आरंग।** नारायण बन हनुमान मंदिर महामाया तालाब के पास आरंग में आध्यत्मिक धार्मिक सामाजिक स्वरूप में कार्यरत राजा मोरध्वज मानस संगठन ने भगवान श्रीराम के जन्म उत्सव पर 108 दिए जलाकर एवं श्री रामचरित मानस के बाल काण्ड मर्यादा पुरषोत्तम भगवान के जन्म के कथा दोहा चौपाई सोरठा- भए प्रकट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी तथा विप्र धेनु सुर संत हित लिन्ह मनुज अवतार। इन पावन दोहा चौपाई सोरठा छन्द का ग्यारह बार पाठ किया गया। भक्त श्रद्धालुओं में मानस लोधी, हीरालाल साहु, परमानंद धीवर, अवध विश्वकर्मा, संतोष लोधी, ओंकार विश्वकर्मा, अशोक साहु, सत्यम झा, लोकेश मिर्धा, चादनी निर्मलकर, तोषिता लोधी, पुजा यादव, वैजयंती विश्वकर्मा, पल्लवी लोधी, धानिष्का लोधी एवं पुजारी नरसिंग तिवारी के द्वारा मंत्रोचार पुजा पाठ आरती कर भगवान को भोग लगाकर दोहा, चौपाई, सोरठा, छन्द के दिव्य ध्वनि से मंदिर प्रांगण गुंजायमान हुआ। सबने हांथ जोड़कर भगवान से संसार के सभी जीव प्राणी पर दया तथा विश्व में शांति व सदभावना के लिए प्रार्थना किए।

## निधन

### प्रहलाद कश्यप

**आरंग।** निकटस्थ ग्राम कुंडा (टेकारी) निवासी 93 वर्षीय



प्रहलाद कश्यप का बीते सोमवार की सुबह निधन हो गया। वह हिरेन्द्र, पुणेश्वर व नरेन्द्र के पिता थे। अंतिम संस्कार दोपहर में कुंडा स्थित मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# मनवा कुर्मी समाज के महाधिवेशन में होगा सामूहिक विवाह, निकालेंगे रैली

## 13-14 को आयोजित अधिवेशन में सीएम साय और पूर्व सीएम बघेल होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का महाधिवेशन 13 और 14 अप्रैल को राजधानी रायपुर के इनडोर स्टेडियम में आयोजित होने जा रहा है। इस महाधिवेशन में 15 जोड़ो का सामूहिक विवाह, युवाओं द्वारा बाईक रैली, महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। महाधिवेशन में प्रदेश भर से समाज के हजारों लोग शामिल होंगे, जहां समाज की वार्षिक गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा होगी। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने बताया कि महाधिवेशन में समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। समाज द्वारा समय-समय पर शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया जाता है। इस वर्ष भी कई मेधावी छात्रों, समाज सेवियों और प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित किया जाएगा। कश्यप ने आगे कहा कि महाधिवेशन में समाज के लिए नए नियम और प्रस्ताव लाए जाएंगे, जिसमें सामाजिक चुनाव जो दो तीन चरणों में हो रहा है, उसे एक साथ कराने का प्रस्ताव लाया जाएगा, जिसमें सभी 10 राज प्रधान एवं केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव एक साथ, एक ही बार करने का प्रस्ताव रखा जाएगा। बता दें, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज एक ऐसा समाज है, जहां समाज के पदाधिकारियों का चुनाव प्रजातांत्रिक तरीके से किया जाता है। इस बैठक में समाज में कुरीतियों और जो कमी है, उसे दूर करने के लिए विशेष पहल की जाएगी।



### कई दिग्गज होंगे शामिल

महाधिवेशन में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, सांसद विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, सहित कई विधायक गण, महापौर, सांसद और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। महाधिवेशन चार सत्रों में होगी, जिसमें हर सत्र में अलग-अलग अतिथि होंगे और हर सत्र की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप करेंगे, जबकि संयोजक राज प्रधान जागेश्वर वर्मा रायपुर होंगे।इस अवसर पर मन्नू लाल परगनिहा,के के नायक, रघुनंदन लाल वर्मा,आर ,सी वर्मा, मीना वर्मा, यशवंत वर्मा,जागेश्वर बघेल, सरिता बघेल केंद्रीय महिला अध्यक्ष, शेखर वर्मा मीडिया प्रभारी,चंद्र कांत वर्मा युवा अध्यक्ष,प्रवीण धुरंधर व्यापार प्रकोष्ठ,भूपेंद्र वर्मा महाविद्याल प्रकोष्ठ ,राज प्रधान गण राम खिलावन वर्मा,सुनीता वर्मा, ठाकुर राम वर्मा, हरिराम वर्मा, चिंता राम वर्मा, नीलमणि परगनिहा, चंद्रभामा परगनिहा , युगल किशोर आडिल,ईश्वरी वर्मा,बृजराज वर्मा, मनोज वर्मा आदि मौजूद रहे।

## सियासत : भाजपा के स्थापना दिवस पर विधायक इंद्रकुमार से ध्वाज फहराया

# कार्यकर्ताओं के संघर्ष, त्याग और तपस्या से भाजपा ने दुनियां में अपनी पहचान बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

- पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल समेत कई नेता शामिल हुए



भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रेल के अवसर पर भाजपा मंडल कार्यालय अभनपुर में विधायक इंद्र कुमार साहू द्वारा झण्डा फहराया गया साथ ही रामनवमी के उपलक्ष्य में पूजा पाठ, आरती कर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, विधायक इंद्र कुमार साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 1980 में पार्टी की स्थापना के बाद कार्यकर्ताओं के संघर्ष, त्याग, तपस्या के कारण आज हम केन्द्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में सफल हुये हैं,देश के अधिकतर राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, भाजपा के विश्वसनीय विचारधारा के कारण देश की जनता का विश्वास पार्टी के प्रति बढ़ा है विधानसभा स्तर पर पंचायत चुनावों में भाजपा समर्थित प्रत्याशी चुनाव जीतने में सफल हुये हैं जनपद पंचायत में भाजपा द्वारा अधिकृत जनपद सदस्य ही अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। केन्द्र और राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं को एक एक गांव में पहुंचाने का काम कार्यकत्ताओं को करना होगा।

स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष भरत बैस, मंच संचालन मंडल महामंत्री सूरज लाल साहू तथा आभार प्रदर्शन भाजयुमो जिला महामंत्री गौरव शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान मंडल कार्यालय के निर्माण कार्य की प्रारंभिक रचना करने के लिए पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू का विधायक इन्द्र कुमार साहू द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर शिवनारायण बघेल, प्रदीप शर्मा, चेतना गुप्ता, किशन शर्मा, किशोर शर्मा, वरुण राठी , दलजीत चावला, मुकेश ढीढी, रुपनारायण साहू, मीना साहू, चंपा लेदेकर,धनेश्वर साहू, राजेन्द्र भारती, दीपक राजा दीवान, संदीप बैस, झड़ीराम पटेल,रामचरण चक्रधारी, रामा साहू, रोहित कुर्रे, खुशवंत सिन्हा, गुनीराम साहू, कौशल साहू, बलराम देवांगन, रानू शर्मा, भारती शिन्दे, सीता साहू, नान्हे धृतलहरे, रविसूदन पटेल, पप्पू ठाकुर, सागर साहू, मुकेश साहू, मिलऊ साहू, अश्वनी साहू, दिनेश साहू, कमल तारक, राकेश साहू, पंचराम ओगरे, राजाराम पाल, रमाकांत साहू, दया गिलहरे,राधिका धीवर,सरिता चंद्राकर ,भूपेश विश्वकर्मा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अटल नगर मंडल भाजपा के नेतृत्व में मनाया स्थापना दिवस



**आरंग।** भारतीय जनता पार्टी अटल नगर मण्डल नवा रायपुर के तत्वाधान में ग्राम पलौद भारत माता चौक में स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें मण्डल अध्यक्ष टेशवन बघेल ने भाजपा का ध्वज फहराया गया, साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दिया गया। वरिष्ठ महराज मुक्तानंद तिवारी तिवारी द्वारा माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर विधिवत पूजा कर पार्टी को खड़ा करने वाले नेताओं को याद कर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे, जिसमें मुख्य रूप से सोसायटी अध्यक्ष रोहित चन्द्राकर, सरपंच हेमकुमार मार्कण्डेय, मन्नू पाल, बल्लू साहू, साकेत चन्द्राकर, रिंकू चन्द्राकर, संतोष साहू, बल्लू चन्द्राकर, कुंजू निर्मलकर, राधे चन्द्राकर, भागीरथी चन्द्राकर, भरत निर्मलकर, गौरव चन्द्राकर, विनय देवांगन, लोकेश चन्द्राकर, शत्रोहन चन्द्राकर, पंकज चन्द्राकर, चंद्रशेखर चन्द्राकर उपस्थित थे।

# सीआरपीएफ कैंप में मना विश्व स्वास्थ्य दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर सीआरपीएफ कैंप भिलाई में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सीआरपीएफ कैंप भिलाई के डाक्टर व सैनिकगण शामिल हुए। इस मौके पर डीआईजी मेडिकल दुर्गा राजनाला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत करने प्रतिवर्ष सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का थीम /"हेल्दी बिगनिंग, होपफूल फ्यूचर्स/" है। जिसका अर्थ है /"स्वस्थ शुरुआत, आशाजनक भविष्य।/" उन्होंने दार्शनिक अंदाज में कहा जब जननी स्वस्थ होंगी, तब स्वस्थ शिशु जन्म लेंगे और जब शिशु स्वस्थ होंगे तो उनका भविष्य उज्जवल होगा, इसलिए सभी को बेहतर स्वास्थ्य के प्रति सचेत और जागरूक होना आवश्यक है। साथ ही सभी गर्भवती माताओं को अपने खान-पान और जीवनशैली का विशेष रूप से ध्यान रखने को कहा। जिससे कि स्वस्थ शिशु का जन्म हो। वही सुयस हास्पीटल रायपुर से डा. तृप्ति तालापात्रा सीटीवीएस सर्जन ने संबोधित करते हुए बढ़ते हार्ट डिसीज पर चिंता जताई।

उन्होंने पीपीटी के माध्यम से हार्ट अटेक के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताई बदलती जीवनशैली, फास्ट-फूड का सेवन, नशापान, अनिद्रा, हाइपर टेंशन, एयर पाल्यूशन, फैमली हिस्ट्री आदि हार्ट अटेक का प्रमुख कारण है। इसके बचने के लिए फास्ट-फूड खाने से बचना, पर्याप्त नींद, मेडीटेशन, व्यायाम के साथ साथ बीच बीच में स्वास्थ्य जांच कराते रहने को कहा। कार्यक्रम का संचालन डा. राजेश गर्ग व आभार प्रदर्शन डिप्टी कमांडेंट अजय कुमार ने किया।

## पेज 11 के शेष...

### कवासी लखमा की...

घोटाला मामले में ईडी ने कवासी लखमा को जनवरी में गिरफ्तार किया था। ईडी की पूछताछ के बाद से कवासी लखमा न्यायिक रिमांड पर रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। 2 अप्रैल को न्यायिक रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद ईडी ने उन्हें कोर्ट में पेश किया था। पेशी के दौरान ईओडब्ल्यू ने कवासी लखमा को गिरफ्तार करने कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत कर रिमांड की मांग की थी। आवेदन के आधार पर कोर्ट ने 7 अप्रैल तक पूछताछ करने ईओडब्ल्यू की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया था।

### बढ़ती गर्मी, सुबह-शाम की...

76 से 78 सौ यात्री सफर कर रहे हैं। विमानतल से जुड़े सूत्रों के अनुसार यह आंकड़ा सामान्य है, जब छुट्टियों का सीजन शुरू होगा, तो पैसेंजर की संख्या 8 से 9 हजार के बीच हो जाएगी। उनके मुताबिक प्रदेश में गर्मी बढ़ रही, जिसकी वजह से ज्यादातर लोग दोपहर में आवाजाही से परहेज करने लगे हैं। इसका असर दोपहर 12 से अपरान्ह 4 बजे तक संचालित होने वाली दर्जनभर फ्लाइट में यात्रियों की कम संख्या के रूप में नजर आ रहा है। एयरपोर्ट में दोपहर की तुलना में सुबह और खासकर शाम के वक्त यात्रियों की गहमागहमी अधिक नजर आ रही है। इसे ध्यान में रखते हुए विमानतल स्टाफ को दोनों वक्त अधिक सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरी ओर एक ही शहर के लिए सुबह दोपहर और शाम के वक्त में संचालित होने वाली फ्लाइट के किराए में गर्मी का अंतर नजर आता है।

### जेल में बंद कोल...

के आरोपी के कब्जे से मोबाइल, कैश तथा मादक पदार्थ की जब्ती की गई। कैश तथा अन्य सामान की जब्ती जेल प्रशासन की रूटीन जांच में हुई है या किसी अन्य जांच के दौरान, इसकी अब तक किसी ने पुष्टि नहीं की है। पूर्व में भी महादेव सट्टा एप के साथ शराब घोटाला तथा कोल घोटाला के आरोपियों को जेल में विशेष सुविधा मिलने के आरोप लग चुके हैं। इसके कारण कोल घोटाला के साथ शराब घोटाले के कई आरोपियों को दूसरे जिलों के जेल में शिफ्ट किया गया था, जिन्हें बाद में वापस लाकर पुनः रायपुर जेल में शिफ्ट किया गया।

# रामनवमी पर झांकीमय निकाली शोभायात्रा डीजे और धुमाल की धुन पर छलका उत्साह



**आरंग।** ग्राम तामासिवनी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में सर्व हिन्दू समाज तामासिवनी क्षेत्रवासियों के सहयोग से श्रीराम नवमी शोभायात्रा रविवार को शाम 6 बजे पूजा अर्चना के बाद अपने पारंपरिक स्थान शिवाजी चौक से निकाली गई। जो इंद्राचौक, नवापारा-आरंग रोड होते हुए बस स्टैंड जयस्तंभ चौक, पंच मुखी हनुमान मंदिर,भाठापारा, गांधी चौक, बाल ब्राह्मणदेव चौक, महावीर चौक, शास्त्री चौक शनिदेव मंदिर के पास समाप्त किया गया।

इस वर्ष मूर्तिकार द्वारा अयोध्या के प्रभु रामलल्ला के जैसे ही प्रभु श्रीराम जी का प्रतिमा बनाया गया था, जो लोगो के मन को मोहित कर रहा था। इस शोभायात्रा में प्रथम पंक्ति मे भाई धुमाल राजिम बॉस व युवाओं द्वारा भगवा ध्वज लहराते हुए गली भ्रमण किया गया। श्रीराम नवमी शोभायात्रा में क्षेत्रीय लोकप्रिय विधायक श्री इंद्राकुमार साहू जी शामिल होकर लोगो का उत्साह वर्धन बढ़ाया और प्रभु राम जी से आशीर्वाद लिया। शोभायात्रा में निकाले प्रभु राम जी के प्रतिमा को अयोध्या के रामलल्ला की भांति ही वस्त्र धारण कराया गया था जो कि आकर्षक का केन्द्रा रहा। तामासिवनी के महिलाओं ने भी शोभायात्रा में शामिल होकर धुमाल में नाचते गाते नजर आए। तामासिवनी मे एक भाई चारा और एकता की प्रतीक दिखाकर श्रीराम नवमी कार्यक्रम बहुत ही उत्साह वर्धन के साथ मनाया गया। ग्रामीणों ने अपने अपने घरों से निकलकर प्रभु श्री राम जी का स्वागत किया।

### कन्या भोज कराया, निकाली शोभायात्रा



**अभनपुर।** नवा रायपुर सेक्टर 27 अटल में श्री कल्याण जन सेवा समिति के तत्वाधान में रामनवमी के अवसर पर भव्य श्री राम जन्मोत्सव और भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। समिति द्वारा यह कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से लगातार सेक्टर 27 स्थित श्री कल्याण नाथ हनुमान जी के मंदिर से किया जा रहा है जहां समाज के सभी वर्ग के लोग और महिलाएं इस शोभायात्रा शामिल होते है। कार्यक्रम में श्री राम जन्मोत्सव कन्या पूजन व कन्या भोजन हुआ जिसमें 51 कन्या को भोजन करा प्रसाद वितरण किया गया इसके उपरांत शाम को शोभायात्रा क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर,चौक होते हुये सेक्टर 27 मे भव्य भंडारे के साथ संपन्न हुई। शोभायात्रा मे प्रमुख रूप से जनपद पंचायत सदस्य

# सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरे से दर्जनों गांव में संक्रमण का खतरा, अधिकारी बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

- पर्यावरण प्रदूषण बोर्ड में की शिकायत और दी आंदोलन की चेतावनी



फाइल फोटो

धरसींवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे, सकरी सरपंच सोनल प्रशांत कुर्रे, क्षेत्रिय जनपद सदस्य बरखा लोकेश साहू,अरूण लहरी जागेश्वर कुर्रे ने रायपुर शहर से निकलने वाले कचरे का विधानसभा से लगे सकरी टीचिंग ग्राउंड में रामकी कंपनी के द्वारा कचरो का पहाड़ खड़े किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए पर्यावरण प्रदूषण बोर्ड को शिकायत की है। उन्होंने बताया कि रायपुर शहर के सफाई और कूड़ा निस्तारण पर 7 वर्ष में करोड़ो रुपये खर्च हो गए फिर भी शहर से निकलने वाले 500 टन कचरों का निस्तारिकरण नही हो पा रहा है। इस हिसाब से लगभग 7 वर्षो से सकरी ट्रिचिंग ग्राऊंड में लाखो टन कूड़े का पहाड़ खड़ा हो गया। नगर निगम रायपुर शहर से रोज 500 टन कूड़ा उठाने का दावा करता है, लेकिन इसके मुकाबले प्रतिदिन निस्तारण से बचे कचरा पहाड़ के रूप में खड़ा होते जा रहा। इस बदबूदार कचरे के पहाड़ से सकरी, तुलसी बाराडेरा हाउसिंग बोर्ड कालोनी धनसूली, संस्कार सिटी धनसूली, पिरदा, हाउसिंग बोर्ड कालोनी पिरदा नरदाहा, लोहराभाठा, गाँव सहित आवासीय कॉलोनी के हवा और पानी में जहर घुल रहा है पर जिम्मेदारों को फिक्र नहीं है। पूर्व जनपद अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे ने आगे बताया कि रिंग रोड नम्बर 3 संस्कार सिटी से लगे ग्राम सकरी में प्रदेश में तत्कालीन भाजपा सरकार के समय 2011 में नगर निगम रायपुर ने कचरा निष्पादन प्लांट लगाने जमीन की मांग किया था।

### आश्वासन के बाद प्लांट लगाया जा रहा

सकरी टीचिंग ग्राउंड को तात्कालिक कलेक्टर ओपी चौधरी जो आज प्रदेश के वित्त मंत्री देखने आए थे तब आसपास के जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर ओपी चौधरी का घेराव करते हुए कचरा प्लांट नहीं लगाने मांग की थी। तब तत्कालीन कलेक्टर ओपी चौधरी ने यहां पर कचरा प्लांट नहीं लगेगा यहां पर पेड़ पौधे लगाए जाएंगे आश्वस्त किया था। लेकिन कुछ दिन बीतने के बाद रामकी कम्पनी ने कचरा प्लांट लगाना शुरू किया। स्वच्छ भारत मिशन और स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट आया पर यहां सांसों में घुलते जहर से मुक्ति नहीं मिल पाई। कचरो के ढेर से होने वाले बदबू से परेशान आसपास के ग्रामीण अब जल्द ही बड़े आंदोलन की तैयारी के साथ साथ पर्यावरण प्रदूषण बोर्ड को शिकायत कर रामकी कंपनी को पेनल्टी लगाने की मांग करेंगे।

## CHANGE OF NAME

I Sandeshwar Shori S/o Somlal Shori R/o Jhulnatendu, Post-Pusvada, Jhulnatendu, PO- Sarona, Dist- Kanker, Chhattisgarh - 494335, have changed my name to Sadheshwar Shori

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 28.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जोरा प.ह.नं. 66 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक सुरेश कुमार राय पिता स्व. शांतिलाल राय निवासी जोरा, कृषक नगर द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 79/1 रकबा 0.0510 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 09.01.2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षक मेरे द्वारा दिनांक 17.04.2025 को 1:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक, रायपुर - 09**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी - 20, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 07/04/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पिरदा, प.ह.नं. 76, रा.नि.मं. सेरीखेड़ी - 20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक अंकित अग्रवाल पिता अभय अग्रवाल निवासी आमासिवनी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 52/2 रकबा 0.4105 हे. के सीमांकन / बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क. / ... / अ - 12 / वर्ष 2024-25 आदेश दिनांक 01/04/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन / बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 09/04/2025 को दोप. 12 बजे किया जाना नियत है। अतएंव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन / बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

**रा.नि.मं. रायपुर 20**
**तहसील - रायपुर**

**आम सूचना**

(भूमि खसरा नंबर 611/23 रकबा 0.0145 हे. याने 1566 वर्गफुट स्थित मौजा ग्राम गोंदवारा प.ह.नं. 108/37 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के संबंध में)

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री अशोक कुमार बन्देवार पिता श्री केशरी प्रसाद बन्देवार निवासी कारगील चौक, शिवानंद नगर खमतराईरायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 611/23 रकबा 0.0145 हे. याने 1566 वर्गफुट स्थित मौजा ग्राम गोंदवारा प.ह.नं. 108/37 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि है, को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा ब्याना राशि भी अदा कर दी गयी है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अंतरण, के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था निकाय, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय विभागों को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग. दिनांक 07-04-2025

**संजय शर्मा, (अधिवक्ता)**
**कार्यालय गोंदवारा रोड एकता नगर गुढियारी रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 98271-54202**

## समोदा में आयुष्मान शिविर आयोजित

**आरंग।** सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयुष्मान कार्ड योजना के बारे मे लोगों को जागरूक कर कार्ड बनाने का शिविर उपस्वास्थ्य केंद्र समोदा द्वारा आयोजित किया गया। इस योजना को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन योजना भी कहा जाता है जो की भारत सरकार कि एक प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजना है। शिविर नगर पंचायत समोदा के वार्ड नंबर 10 बजरंग चौक कुसमुंद में रखा गया। जहां लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए और स्वास्थ्य शिक्षा देकर लोगो को जागरूक किया गया। जिसमें कमल बर्मन सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाए और लोगों को आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना PMJAY के बारे में जागरूक किया। साथ ही रेवा राम सेन ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक ने लोगो को आयुष्मान वय वंदन कार्ड के बारे में बताया जिसमे 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाये जाते हैं।



HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाजपा की अतीत से वर्तमान तक की प्रदर्शनी


**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में सोमवार को एक विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय ने किया। उद्घाटन कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा के नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश मंत्री प्रबल प्रताप जूदेव, किशोर महानंद, भाजपा नेता अमित मैशरी सहित पदाधिकारी इस मौके पर मौजूद रहे।

### राहत पेंशन आदेश जारी नहीं होने से पेंशनरों में आक्रोश

**रायपुर।** अखिल भारतीय पेंशनर्स फेडरेशन छग प्रांत के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के 6 लाख पेंशनरों को राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) का बहाना लेकर पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरों को 6वें वेतनमान एवं 7वें वेतनमान के अनुरूप 32 माह एवं 27 माह का एरियर्स भुगतान नहीं किया गया है। जबकि धारा 49 (6) में पेंशनरी भुगतान के लिए सहमति लिए जाने का कोई प्रावधान ही नहीं है।

### महेश अध्यक्ष और शंकर बने सिंधु यूथ एसो. के उपाध्यक्ष





**रायपुर।** देवेंद्र नगर स्थित सिंधु भवन में सोमवार को सिंधु यूथ एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का चुनाव आगामी 2 वर्ष 2025-27 तक के लिए किया गया, जिसमें अध्यक्ष महेश हरजानी, उपाध्यक्ष शंकरलाल दानवानी को बनाया गया। साथ ही महासचिव मयूर थौरानी, सहसचिव कैलाश आहूजा और कोषाध्यक्ष मूलचंद खत्री को चुना गया। यह जानकारी संस्था के कार्यकारिणी सदस्य गौरव मंधानी ने देते हुए बताया कि इसके अलावा कार्यकारी सदस्य के रूप में गौरव मंधानी, नितेश छुगानी, रोशन ओचवानी, राजकुमार शदीजा, सागर खूबचंदानी चुने गए।

## निधन

### पुष्पा देवी डागा



**रायपुर।** रिंगरोड नंबर 1 कुसुम विला निवासी पुष्पा देवी डागा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे बलदेव डागा की माता एवं अनिरुद्ध, अनुराग व अभिनव की दादी थीं।

### संजय रामानी



**रायपुर।** गैलेक्सी रेसीडेंसी अमलीडीह निवासी संजय रामानी (39) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 8 अप्रैल को दोपहर 1 बजे निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम जाएगी। वे हरेश रामानी के पुत्र, अनुपम रामानी के पिता थे।

# नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की तैयारी, सीमावर्ती क्षेत्रों में जल्द खुलेंगे 50 नए सुरक्षा कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नक्सलियों के खिलाफ अब निर्णायक लड़ाई की तैयारी शुरू हो गई है। पिछले दिनों सुरक्षा बलों के साथ नक्सल उन्मूलन को लेकर रणनीति तैयार की गई। यह तय किया गया कि आने वाले दिनों में राज्य के सीमावर्ती और नक्सल प्रभावित इलाकों में 50 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए जाएंगे। बस्तर सहित अन्य नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के रोडमैप पर चर्चा हुई।

नक्सल कार्रवाई में तेजी लाने इंटर स्टेट कॉर्डिनेशन को मजबूती देने और राज्यों की सीमाओं पर सुरक्षा बलों की तैनाती को लेकर भी अहम निर्णय लिए गए। हर पांच किलोमीटर के दायरे में सुरक्षा चौकियां बनाकर अधो संरचना तैयार की जाएगी। दुर्गम इलाकों में पांच से 25 किलोमीटर तक की उड़ान भरने वाले ड्रोन से निगरानी होगी। भाजपा सरकार के गठन के बाद से अब तक 60 सुरक्षा कैंप खोले जा चुके हैं। बस्तर संभाग में 41 कैंप स्थापित किए गए हैं।

## हर पांच किमी के दायरे में बनेगी सुरक्षा चौकी, ड्रोन से भी होगी निगरानी



### 60 हजार से अधिक जवान तैनात

बस्तर क्षेत्र में अभी 60 हजार से अधिक सुरक्षा बल के जवान तैनात हैं। सीआरपीएफ की चार नई बटालियन भी तैनात की गई है। इधर नक्सलवाद से जूझ रहे राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और कवर्धा जिले को केंद्र सरकार ने नक्सल मुक्त घोषित कर दिया है। साथ ही इन जिलों में अब विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। मोहला-मानपुर-चौकी जिले को अब हाई नक्सल इलाकों की श्रेणी से एलडब्लूई की श्रेणी में बदल दिया गया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से नक्सलियों को बैकफुट पर लाकर इन जिलों को नक्सल मुक्त किया गया है। पिछले कुछ सालों में इन क्षेत्रों में नक्सलियों ने कोई बड़ी घटना नहीं की, और अब केंद्र सरकार ने इन्हें नक्सल प्रभावित जिलों की सूची से बाहर कर दिया है।

### नक्सल मुक्त जिलों के फोर्स की बस्तर में तैनाती

राजनांदगांव और अन्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आईटीबीपी की चार बटालियन तैनात की थीं। इन बटालियनों ने नक्सल प्रभावित इलाकों में कैंप स्थापित कर विकास कार्यों को गति दी थी। अब इन जिलों को नक्सल मुक्त घोषित किए जाने के बाद फोर्स की तैनाती में बदलाव किया जा सकता है। दो कंपनियों को यहां से बस्तर भेजा जा चुका है और संभव है कि अब बाकी फोर्स भी बस्तर क्षेत्र में तैनात हो जाएं।

### दिल्ली में अगले सप्ताह बैठक

अधिकारियों के मुताबिक इस माह 15 से 20 अप्रैल के बीच दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अगुवाई में होने वाली आगामी बैठक में छत्तीसगढ़ समेत सभी नक्सल प्रभावित राज्यों के गृहमंत्रियों और पुलिस महानिदेशकों से समन्वय स्थापित कर नक्सलियों की घेरेबंदी कर उन्हें समाप्त करने की अंतिम रणनीति पर चर्चा होगी। छत्तीसगढ़ से लगने वाले अन्य राज्यों की सीमाओं पर चौकसी बढ़ाई जाएगी, ताकि नक्सली वहां शरण न ले सकें।

## 26 हार्डकोर नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण मुख्यमंत्री ने दी सुरक्षा बलों को बधाई

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा नक्सलवाद के विरुद्ध चलाए जा रहे निर्णायक अभियानों को एक और बड़ी सफलता मिली है। दंतेवाड़ा जिले में आज 26 हार्डकोर नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया, जो राज्य की नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति – 2025 की सफलता और विश्वसनीयता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर सुरक्षाबलों के जवानों को सहृदय बधाई देते हुए कहा कि नक्सलवाद के समूल नाश के हमारे संकल्प को निरंतर सफलता मिल रही है। इस उपलब्धि में नियद नेल्ला नार योजना और लोन वर्राटू अभियान की अहम भूमिका रही, जो आदिवासी युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए चलाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लाल आतंक प्रभावित गांवों को नक्सलमुक्त घोषित होने पर 1 करोड़ की विशेष सहायता राशि की घोषणा के सकारात्मक परिणाम भी अब सामने आने लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में 31 मार्च 2026 तक राज्य को पूरी तरह नक्सल आतंक से मुक्त करने का संकल्प लिया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि हम निश्चित रूप से तय समयसीमा के भीतर इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा कि यह महज कोई अभियान नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की शांति, सुरक्षा और समृद्धि का मिशन है।

## पीएमवाय परिसर, बीएसयूपी कालोनी में बोरवेल का जलस्तर गहराया

# लभांडी, फुंडहर, सोनडोंगरी, भनपुरी में पानी की किल्लत, किराए के पानी टैंकर भेज रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लभांडी, फुंडहर, सोनडोंगरी, भनपुरी के साथ डब्लूआरएस कालोनी क्षेत्र के आधा दर्जन रहवासी इलाकों में जलसंकट दूर करने नगर निगम को किराये के पानी टैंकर भेजने की नौबत आई है। जोन 1 के बंजारी माता वार्ड पिछले 2 साल से टैंकर मुक्त वार्ड रहा, इस बार वहां नलों से पानी का प्रेशर नहीं आने से लोग परेशान हैं। विजयनगर, बुनियाद नगर, रामेश्वर नगर, केबिन पारा ऐसे इलाके हैं, जहां 30 लाख रुपये खर्च नई पाइप लाइन बिछाई गयी, इसके बाद भी पानी का प्रेशर बेहद कम है। पूर्व पार्षद नागभूषण राव ने इसे अधिकारियों की लापरवाही बताते हुए कहा, पाटीदार भवन के पीछे बनी पानी टंकी आधी अधूरी भरी जा रही है, जिसके कारण टैंकर मुक्त वार्ड में टैंकर चलाना पड़ रहा है।

दरअसल, अप्रैल के पहले ही सप्ताह में राजधानी सहित आउटर के इलाकों में पानी की किल्लत शुरू हो गई है। शहरी सरकार की पहली सामान्य सभा में गर्मी में पेयजल व्यवस्था को लेकर महापौर मीनल चौबे ने तत्परता दिखाते हुए जल विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की थी। इस संबंध में सभी जोन कमिश्नरों को दिशा निर्देश भी दिए गए। इसके बाद भी अप्रैल के पहले सप्ताह में पानी की समस्या गहराने लगी है।



### सोनडोंगरी बीएसयूपी, पीएमवाय परिसर में बोरवेल का लेवल डाउन

जोन 8 क्षेत्र स्थित सोनडोंगरी के बीएसयूपी कालोनी में बोरवेल का जलस्तर नीचे चले जाने से यहां नियमित रूप से टैंकर भेजने की नौबत आई है। यही नहीं, पीएमवाय आवासीय परिसर में पानी की किल्लत दूर करने किराये के पानी टैंकर भेजा रहा है।

### पानी की दिक्कत यहां भी

कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के दयानगर, द्वारिका विहार गली नंबर 1 से 5 तक जलसंकट की स्थिति बनी हुई है। यहां जोन के माध्यम से टैंकर भेजकर पेयजल का प्रबंध किया जा रहा है। पार्षद खेम कुमार सेन ने बताया कि जलसंकट प्रभावित इलाके का सर्वे कर नई पाइप लाइन बिछाने 29 लाख का प्रस्ताव भेजा गया है।

### भनपुरी में 2 पानी टंकी फिर भी कंठ प्यासे, नल की धार पतली

जोन 1 के बंजारी माता वार्ड और यतियतन लाल वार्ड के लिए भनपुरी में दो नई व पुरानी पानी टंकी से जल आपूर्ति की जाती है, पर गर्मी आते ही नलों से पानी का प्रेशर बहुत कम आने से विजयनगर, बुनियाद नगर, रामेश्वर नगर, केबिनपारा में जलसंकट से लोग परेशान हैं। एक सप्ताह से इन रहवासी कालोनियों में टैंकर भेजकर जल आपूर्ति करनी पड़ रही है।

### सूरजनगर, ब्रम्हदेव नगर, संकल्प सोसाइटी फेज 2 में बोर से गंदा पानी

जोन 9 के लालबहादुर शास्त्री वार्ड स्थित लभांडी के संकल्प सोसायटी फेज 2 में 2 बोरवेल हैं, इनमें से एक बोरवेल खराब पड़ा है। दूसरे में गंदा पानी आने से इसका उपयोग पेयजल के लिए नहीं किया जा सकता। इसी तरह सूरजनगर, ब्रम्हदेव नगर में बोर से गंदा पानी आने की शिकायत मिलने पर वार्ड पार्षद रेणु -जयंत साहू द्वारा जोन के माध्यम से पानी टैंकर की व्यवस्था कर लोगों की प्यास बुझाई जा रही है।

### किराए के पानी टैंकर भेज रहे

लभांडी, फुंडहर के बीएसयूपी कालोनी, पीएमवाय आवासीय परिसर, हाउसिंग बोर्ड कालोनी में जलसंकट दूर करने किराये के पानी टैंकर भेज रहे हैं। सोनडोंगरी की बीएसयूपी कालोनी में बोर का लेवल डाउन की शिकायत आने पर पानी टैंकर की व्यवस्था जोन स्तर पर कराई गई है।

- **नरसिंग फरेंद्र,** कार्यपालन अभियंता, जल विभाग, नगर निगम रायपुर

## आठ मरीजों को मिली राहत

# थायरॉयड कैंसर के मरीजों के लिए एम्स में पहला हाई-डोज थेरेपी वार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

थायरॉयड कैंसर के मरीजों को अब उपचार की सुविधा एम्स में मिल रही है। कैंसर की बची हुई कोशिकाओं को खत्म करने के लिए यहां हाई-डोज थेरेपी वार्ड बनाया गया है। यहां आयोडीन-131 थेरेपी की मदद से आठ मरीजों को उपचार की सुविधा प्रदान की गई है। प्रदेश में यह पहला हाई-डोज थेरेपी वार्ड है। इसके पूर्व उपचार के लिए लोगों को मुंबई तक का दौरा करना पड़ता था।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में पांच बिस्तरों वाला हाई-डोज थेरपी वार्ड, पीएमएसएसवाई योजना के तहत स्थापित किया गया है। यहां आयोडीन-131 थेरपी जो इस हाई-डोज का उपयोग किया जाता है, जो सर्जरी के बाद बचे हुए कैंसर की कोशिकाओं को खत्म करने में मदद करता है। चिकित्सकों के मुताबिक यह रेडिएशन केवल थायरॉयड ग्रंथि और मेटास्टेटिक रोग पर असर करता है। मार्च में शुरू हुए इस वार्ड में अब तक आठ मरीजों का इलाज किया जा चुका है। न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग के प्रभारी और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुदालशा रवीना, सहायक प्राध्यापक डॉ. शोभना राजू और रेडिएशन सेफ्टी ऑफिसर श्री साई शिव नारायण की देखरेख में मरीजों का इलाज किया जा रहा है। चिकित्सा अधीक्षक एवं ईएनटी प्रमुख डॉ. रेनू राजगुरु ने बताया कि बड़ी संख्या में थायरॉयड कैंसर मरीज इलाज के लिए आते हैं। इसमें रेडियोआयोडीन थेरपी का समावेश मरीजों के समग्र उपचार में मदद करेगा। हाई-डोज थेरपी वार्ड परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड के निर्देशन में बनाया गया है और सभी आवश्यक अनुमति प्राप्त की गई है। चिकित्सकों के मुताबिक एम्स का न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग आधुनिक सुविधाओं वाला है। यहां स्पेक्ट-सीटी, पेट-सीटी के साथ गाइडेड बायोप्सी के लिए रोबोटिक नेविगेशन सिस्टम, लो-डोज़ थेरपी और रेडियोआयोडीन अपटेक प्रोब शामिल हैं।



### बड़ी मदद साबित होगी

हाई-डोज थेरेपी वार्ड की सुविधा राज्य के जरूरतमंद थायरॉयड कैंसर मरीजों के लिए एक बड़ी मदद साबित होगी। पहले इन मरीजों को उपचार के लिए दिल्ली या मुंबई जाना पड़ता था।

- **अशोक कुमार जिंदल,** कार्यकारी निदेशक एम्स

## सरोना मुख्य मार्ग पर व्यावसायिक अनुमति विपरीत निर्माण को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डूमरतालाब से सरोना जाने वाले मुख्य मार्ग के पास 2400 वर्गफीट भूखंड में व्यावसायिक अनुमति के विपरीत निर्माण करना भूखंड स्वामी को महंगा पड़ा। नगर निगम जोन 8 की टीम ने नियम विपरीत अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की, साथ ही भवन स्वामी को भूतल में पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने निर्देशित किया।

नगर निगम जोन 8 क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों में अवैध निर्माण एवं स्वीकृति विपरीत निर्माण पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को संत रविदास वार्ड के तहत डूमरतालाब से सरोना मुख्य मार्ग के पास पूर्णिमा चावड़ा द्वारा करीब 2400 वर्गफीट भूखंड क्षेत्र में व्यावसायिक अनुमति के विपरीत किए गए निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया। निगम कमिश्नर विश्वदीप के आदेश और जोन कमिश्नर एके हालदार के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में उप अभियंता लोचन प्रसाद चौहान की उपस्थिति में कार्रवाई की गयी। इसी तरह मोहबाबाजार से एम्स होते हुए टाटीबंध मुख्य मार्ग में करीब 15 ठेले और गुमटियों को हटाने की कार्रवाई की गई।



## इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर जैसे विषय शामिल

# 12वीं में जोड़े गए चार नए स्किल इलेक्टिव विषय इनमें 50 अंकों की थ्योरी व 50 अंकों का प्रैक्टिकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र के लिए नौवीं से बारहवीं कक्षाओं के लिए पाठ्यक्रम जारी कर दिया है। बारहवीं के पाठ्यक्रम में बोर्ड ने स्किल इलेक्टिव विषयों के ग्रुप में चार विषयों को जोड़ा है, इनमें लैंड ट्रांसपोर्टेशन एसोसिएट, इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर, डिजाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन व फिजिकल एक्टिविटी ट्रेनर शामिल हैं। बारहवीं के इन चारों स्किल इलेक्टिव विषयों में पचास अंकों की थ्योरी व पचास अंकों का प्रैक्टिकल होगा। इन विषयों को जोड़ने के पीछे बोर्ड का उद्देश्य बच्चों को किताबी ज्ञान देने के साथ काम करने के लिए जरूरी चीजें भी सिखाना है। इसके अलावा बोर्ड 8 अप्रैल से 13 मई तक कॅरियर काउंसलिंग वेबिनार श्रृंखला आयोजित करने जा रहा है। स्कूल प्रिंसिपल, काउंसिलर, शिक्षक, छात्र व अभिभावक इन श्रृंखलाओं का लाभ ले सकेंगे। सीबीएसई के अनुसार, इन सत्रों का उद्देश्य करियर परामर्श में स्कूल प्रिंसिपलों, शिक्षकों और परामर्शदाताओं के पेशेवर विकास को बढ़ाना है, साथ ही छात्रों और अभिभावकों के लिए कॅरियर संबंधी निर्णय लेने को बढ़ावा देना है।



**सत्र के प्रारंभ से सूचना :** ग्यारहवीं-बारहवीं के पाठ्यक्रम में भाषा, ह्यूमेनिटीज, मैथमेटिक्स, साइंस, स्किल सब्जेक्ट, जनरल स्टडीज व हेल्थ एंड फिजिकल एजूकेशन शामिल है।

### नए पाठ्यक्रम के आधार पर मूल्यांकन

नौवीं व दसवीं के पाठ्यक्रम में दो भाषा (एक भाषा अनिवार्य व एक अन्य भाषा), सोशल साइंस, गणित, साइंस कोर विषयों के अलावा व वैकल्पिक विषय के रूप में किसी स्किल विषय व हेल्थ एंड फिजिकल एजुकेशन, आर्ट एजुकेशन को पढ़ना होगा। वहीं, अब छात्रों को तीन स्किल-आधारित सब्जेक्ट्स स्कूल कंप्यूटर ऐप्लिकेशन, इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में से भी एक का चुनाव करना होगा। इस नए पाठ्यक्रम के आधार पर छात्रों का मूल्यांकन होगा।

## पेज 11 के शेष

### कवासी लखमा की...

घोटाला मामले में ईडी ने कवासी लखमा को जनवरी में गिरफ्तार किया था। ईडी की पूछताछ के बाद से कवासी लखमा न्यायिक रिमांड पर रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। 2 अप्रैल को न्यायिक रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद ईडी ने उन्हें कोर्ट में पेश किया था। पेशी के दौरान ईओडब्ल्यू ने कवासी लखमा को गिरफ्तार करने कोर्ट में आवेदन प्रस्तुत कर रिमांड की मांग की थी। आवेदन के आधार पर कोर्ट ने 7 अप्रैल तक पूछताछ करने ईओडब्ल्यू की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया था।

### बढ़ती गर्मी, सुबह-शाम ...

76 से 78 सौ यात्री सफर कर रहे हैं। विमानतल से जुड़े सूत्रों के अनुसार यह आंकड़ा सामान्य है, जब छुट्टियों का सीजन शुरू होगा, तो पैसेंजर की संख्या 8 से 9 हजार के बीच हो जाएगी। उनके मुताबिक प्रदेश में गर्मी बढ़ रही, जिसकी वजह से ज्यादातर लोग दोपहर में आवाजाही से परहेज करने लगे हैं। इसका असर दोपहर 12 से अपरान्ह 4 बजे तक संचालित होने वाली दर्जनभर फ्लाइट में यात्रियों की कम संख्या के रूप में नजर आ रहा है। एयरपोर्ट में दोपहर की तुलना में सुबह और खासकर शाम के वक्त यात्रियों की गहमागहमी अधिक नजर आ रही है। इसे ध्यान में रखते हुए विमानतल स्टाफ को दोनों वक्त अधिक सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। दूसरी ओर एक ही शहर के लिए सुबह दोपहर और शाम के वक्त में संचालित होने वाली फ्लाइट के किराए में गर्मी का अंतर नजर आता है।

### जेल में बंद कोल...

के आरोपी के कब्जे से मोबाइल, कैश तथा मादक पदार्थ की जब्ती की गई। कैश तथा अन्य सामान की जब्ती जेल प्रशासन की रूटीन जांच में हुई है या किसी अन्य जांच के दौरान, इसकी अब तक किसी ने पुष्टि नहीं की है। पूर्व में भी महादेव सट्टा एप के साथ शराब घोटाला तथा कोल घोटाला के आरोपियों को जेल में विशेष सुविधा मिलने के आरोप लग चुके हैं। इसके कारण कोल घोटाला के साथ शराब घोटाले के कई आरोपियों को दूसरे जिलों के जेल में शिफ्ट किया गया था, जिन्हें बाद में वापस लाकर पुनः रायपुर जेल में शिफ्ट किया गया।

## छत्तीसगढ़ से 55 एआईसीसी मेंबर लेंगे भाग

# आज से कांग्रेस का दो दिवसीय अधिवेशन अहमदाबाद में

**रायपुर।** अहमदाबाद में 8 और 9 अप्रैल को होने वाले कांग्रेस अधिवेशन में देश के विभिन्न हिस्सों से राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय नेता शिरकत करेंगे। गुजरात में दो साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले हो रहे इस अधिवेशन में कई मुद्दों पर विचार विमर्श होगा। पहले दिन कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति की विस्तारित बैठक होगी। दूसरे दिन अधिवेशन होगा, जिसमें जिला, प्रदेश तथा केंद्रीय स्तर पर कांग्रेस को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाने, चुनाव के दौरान होने वाली गड़बड़ियों का मुकाबला करने, हर चुनाव को जीतने के लिए आक्रामक नीति अपनाने जैसे कई मुद्दों पर विचार विमर्श होने की उम्मीद है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार अधिवेशन में 3000 से अधिक नेताओं की पहुंचने की संभावना है। सम्मेलन में एआईसीसी मेंबर भाग लेंगे। छत्तीसगढ़ से सम्मेलन में भाग लेने प्रदेश कांग्रेस संगठन के 55 एआईसीसी सदस्य हिस्सा लेंगे। यहां से एआईसीसी मेंबर के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, सहित कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री और संगठन के कई पदाधिकारी शामिल होने रवाना हो चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, कांग्रेस का राष्ट्रीय महाअधिवेशन गुजरात में होने जा रहा है।

**CHANGE OF NAME**

I Sandeshwar Shori S/o Somlal Shori R/o Jhulnatendu, Post-Pusvada, Jhulnatendu, PO- Sarona, Dist- Kanker, Chhattisgarh - 494335, have changed my name to Sadheshwar Shori

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर 09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 28.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जोरा प.ह.नं. 66 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक सुरेश कुमार राय पिता स्व. शांतिलाल राय निवासी जोरा, कृषक नगर द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 79/1 रकबा 0.0510 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 09.01.2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षक मेरे द्वारा दिनांक 17.04.2025 को 1:00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नही होगा। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक, रायपुर - 09**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सेरीखेड़ी - 20, तहसील व जिला रायपुर**

**आम सूचना**

**जारी दिनांक 07/04/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पिरदा, प.ह.नं. 76, रा.नि.मं. सेरीखेड़ी - 20, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि के संबंध में आवेदक अंकित अग्रवाल पिता अभय अग्रवाल निवासी आमासिवनी रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 52/2 रकबा 0.4105 हे. के सीमांकन / बटांकन हेतु आवेदन अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क. / ... / अ - 12 / वर्ष 2024-25 आदेश दिनांक 01/04/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन / बटांकन हमारे द्वारा दिनांक 09/04/2025 को दोप. 12 बजे किया जाना नियत है। अतएंव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन / बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

**रा.नि.मं. रायपुर 20**
**तहसील - रायपुर**

**आम सूचना**

(भूमि खसरा नंबर 611/23 रकबा 0.0145 हे. याने 1566 वर्गफुट स्थित मौजा ग्राम गोंदवारा प.ह.नं 108/37 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के संबंध में)

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता श्री अशोक कुमार बन्देवार पिता श्री केशरी प्रसाद बन्देवार निवासी कारगील चौक, शिवानंद नगर खमतराईरायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 611/23 रकबा 0.0145 हे. याने 1566 वर्गफुट स्थित मौजा ग्राम गोंदवारा प.ह.नं 108/37 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि है, को क्रय करने का सौदा कर लिया है तथा ब्याना राशि भी अदा कर दी गयी है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अंतरण, के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था निकाय, बैंक, शासकीय अर्द्धशासकीय विभागों को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख का निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग. दिनांक 07-04-2025

**संजय शर्मा, (अधिवक्ता)**
**कार्यालय गोंदवारा रोड एकता नगर गुढियारी रायपुर छ.ग.**
**मो.नं. 98271-54202**

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
Timing- (11-8) by Appointment
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सुशासन तिहार पर नहीं पड़ेगा पंचायत सचिवों के आंदोलन का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले में नगरीय निकाय क्षेत्रों के अलावा ग्राम पंचायतों में भी 8 अप्रैल से सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के ठीक एक दिन पहले ही जिला पंचायत के सचिवों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन पर चले गए हैं। इसका असर सुशासन तिहार के आयोजन पर पड़ने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन प्रशासन ने सुशासन तिहार आयोजन पर पंचायत सचिव संघ के आंदोलन का असर नहीं पड़े, इसे देखते हुए पहले ही पूरी व्यवस्था कर ली है।

जिला पंचायत रायपुर के सीईओ कुमार विश्वरंजन ने बताया कि सुशासन तिहार के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी से लेकर तहसीलदार, आरआई, पटवारी, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता की भी ड्यूटी लगाई गई है। इधर पंचायत सचिवों ने अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

### प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन

*इधर प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ के आह्वान पर रायपुर जिला पंचायत सचिव संघ ने जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन कर रैली के माध्यम से मोदी की गारंटी सचिवों का शासकीयकरण जल्द पूरा करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस रैली में मुख्य रूप से जिला रायपुर सचिव संघ अध्यक्ष अमर धनकर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास, जनपद सचिव संघ तिल्दा रायपुर से भरतलाल वर्मा, आरंग से हरमोहन बांधे, अभनपुर से शेष नारायण, धरसींवां से रतन साहू सहित अन्य ब्लॉक के सचिव भी उपस्थित थे।*





### ग्राम पंचायतों में वार्डवार समाधान पेटी रखी जाएगी

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में, ग्राम पंचायतों में और नगरीय क्षेत्रों में वार्डवार समाधान पेटी रखी जाएगी, जिसमें आम जनता अपनी समस्या संबंधी आवेदन डाल सकेंगे। साथ ही यह आवेदन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से भी किये जा सकेंगे। गौरतलब है कि सुशासन तिहार के निरीक्षण के लिए अनुविभाग स्तर पर 10 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। साथ ही नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। सभी अनुविभागों में आज इस संबंध में कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। जनता को आवेदन लिखने में सहायता के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

### सुशासन तिहार की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने सोमवार को सुशासन तिहार के आयोजन को लेकर रेडक्रास सभागार में बैठक ली। इस बैठक में जिला पंचायत रायपुर के सीईओ, एसएसपी लाल उमेद सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में उनहोंने 8 अप्रैल से 31 मई 2025 तक 3 चरणों में आयोजित होने वाले सुशासन तिहार के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों को गंभीरता से लें और गुणवत्तापूर्ण समाधान करना सुनिश्चित करें।

## खबर संक्षेप



### पशुओं की देखभाल के लिए 40 नागरिकों को दिया प्रशिक्षण

**रायपुर।** स्ट्रेकीपर्स एनिमल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा गत दिनों पशुओं की फर्स्ट-एड ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य घायल और संकटग्रस्त पशुओं की देखभाल के लिए नागरिकों को प्रशिक्षित करना था। मुख्य वक्ता डॉ. मेजर नलीन शर्मा, डॉ. पदम जैन, डॉ. संतोष आदिल, डॉ. डॉली ने प्राथमिक उपचार, हाइपरथर्मिया व हाइपोथर्मिया, विषाक्तता से संबंधित उपयोगी जानकारी साझा की। उपचार में होने वाली अनैतिक प्रथाओं और सावधानियों पर भी चर्चा की गई। स्ट्रेकीपर्स की संस्थापक डॉ. दीपशिखा ने फर्स्ट-एड किट प्रोग्राम की जानकारी दी, जो कि स्ट्रेकीपर्स जल्द ही शहर में शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत रेस्क्यूअर्स को मोबाइल प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध कराएगा। सह-संस्थापक डॉ. मोनिका और डॉ. अवंतिका ने संस्था की प्रेरणादायक यात्रा और इसके निर्माण में आई चुनौतियों को साझा किया। टीम की सदस्य शैली (वकील) ने पशु क्रूरता पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आम नागरिक भी कानून की सहायता से पशु हिंसा के खिलाफ कार्रवाई कर सकते हैं।

### रामनवमी पर्व पर श्रीराम चौक उरकुरा मोड़ बिरगांव का शुभारंभ




**रायपुर।** भगवान श्रीरामलला के जन्मोत्सव के अवसर पर मित्रगण समिति बिरगांव द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्रीराम चौक उरकुरा मोड़ बिरगांव का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर शेषनाथ तिवारी ने बताया कि अयोध्या में राजा दशरथ के घर भगवान विष्णु के सातवें अवतार श्रीराम के जन्म की खुशी में उत्सव मनाया जाता है। श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। इस दिन सत्य, प्रेम, त्याग और सेवा की भावना को अपनाने का संकल्प लेना अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन संस्थापक के रूप में कई सदस्यों को चयनित किया गया, जिसमें आनंद शाह, संजय यादव, नंद सिंह, शैलेंद्र पटेल, सुभाष यादव, विजेंद्र शर्मा, जय भगवान शर्मा, राम सुमिरन सिंह, हृदयानंद पांडे और विनोद पांडे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रामनवमी पर हनुमान सेवा दल ने बांटी रामरक्षा स्त्रोत किताब



**रायपुर।** रामनवमी के अवसर पर जयस्तंभ चौक पर सोमवार को श्री हनुमान सेवा दल ने श्रीराम की कृपा पाने और सभी कष्टों से मुक्ति दिलाने के लिए किए जाने वाले रामरक्षा स्त्रोत की 3051 पुस्तकों का वितरण किया। दल का उद्देश्य है कि धर्म के साथ समाज का उत्थान हो सके, भारतीय संस्कृति की पताका पूरी दुनिया में लहराए। इस मौके पर श्री हनुमान सेवा दल के अध्यक्ष पंकज मिश्रा ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म बहुत समृद्ध है, जिसका सामने आना जरूरी है। लोगों को सनातन और भारत के मूल से अवगत कराने का कार्य हमारा दल कर रहा है। वितरण कार्यक्रम में प्रशांत दुबे, रोमी वोरा, अमित शर्मा, हेमंत पाल, कुणाल दुबे, हेमंत पटेल, अमित दीवान, ऋषभ खेतान, संस्कार पांडे, जितेंद्र यादव, विनायक तिवारी, विकास जुसेजा, संतोष राव, सचिन पांडे, गोपी जाल, विकेश देवांगन, संजू ठाकुर, प्रदीप पांडे, सुमित खण्डेलवाल, अपूर्व विश्वास आदि साथी उपस्थित थे।

## रूट निर्धारण के बाद परिवहन विभाग जारी करेगा परमिट

# अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अपने घर के दरवाजे पर मिलेगी बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**बस सेवा संचालन करने परिवहन विभाग ने कलेक्टर से मांगी रिपोर्ट**

हरिभूमि सरोकार

राज्य के 146 विकासखंडों के ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जहां यात्री बसों की जगह निजी टैक्सी सेवा संचालित होती है, उन क्षेत्रों में राज्य शासन के निर्देश पर परिवहन विभाग बस सेवा शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए परिवहन विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों से रिपोर्ट मांगी है। अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने बताया, अलग-अलग जिलों के कलेक्टर ने सौ के करीब ग्रामीण क्षेत्र जहां बसों का संचालन नहीं हो रहा है, उन क्षेत्रों की सूची भेजी है।

मुख्यमंत्री सुगम यातायात योजना के तहत अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में बस संचालन करने शासन ने 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। राज्य सरकार से राशि स्वीकृत होने पर कलेक्टरों से उनके क्षेत्रों के बस विहीन ग्रामीण क्षेत्रों, सड़कों और कनेक्टिविटी की जानकारी मांगी गई है। सभी जिलों से सूची मिलने के बाद नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इसके बाद उन मार्गों के लिए बस संचालन करने के लिए परमिट जारी किया जाएगा। प्रथम चरण में बस्तर और सरगुजा क्षेत्रों के अंदरूनी इलाकों में इसका संचालन शुरू होगा। इसके बाद दूसरे चरण में अन्य संभागों के ग्रामीण क्षेत्रों में यात्री बसे चलेंगी। प्रदेश के 33 जिले के 146 विकासखंडों में 90 से ज्यादा में बसों का वर्तमान में संचालन किया जा रहा है। अंदरूनी इलाकों में रहने वाले 20 हजार 619 गांव में रहने वालों को एक शहर से दूसरे शहर जाने बस पकड़ने किसी अन्य साधन के माध्यम से विकासखंड मुख्यालय आना पड़ता है।

### चार लाख लोग बसों से यात्रा करते हैं

रोजाना चार लाख के करीब यात्री एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने बसों से यात्रा करते हैं। इनमें बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग शामिल हैं। अंदरुनी ग्रामीण क्षेत्रों में बसों का संचालन होने से सड़कों पर दोपहिया, तीन पहिया और मालवाहक वाहनों में यात्री करने वालों की संख्या कम होगी। साथ ही बेहतर परिवहन का साधन उपलब्ध होने पर यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा।



### 12 हजार यात्री बसों का हो रहा संचालन

परिवहन विभाग में वर्तमान में 12 हजार बस पंजीकृत हैं। इनमें से 11 हजार बसों का संचालन राज्य के अलग-अलग जिलों में विभिन्न मार्गों पर हो रहा है। एक हजार के करीब बस अंतर्राज्यीय मार्गों के लिए संचालित हो रही। इनमें सामान्य से लेकर एसी तथा स्लीपर बस शामिल हैं।

### 65 प्रतिशत बसों का संचालन शहरी क्षेत्रों में

राज्य में संचालित 65 प्रतिशत के करीब बसों का संचालन शहरी क्षेत्रों में किया जा रहा है। शेष 35 प्रतिशत बसों का संचालन विकासखंड मुख्यालय तथा बड़े तथा आसानी से पहुंच मार्ग वाले ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहा है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र जहां सबसे ज्यादा सवारियां निकलती है, उनमें से ज्यादातक क्षेत्रों में बसों का संचालन नहीं हो रहा।

### ग्रामीण क्षेत्र में बस संचालन करने पर मिलेगी छूट

जिन क्षेत्रों में वर्तमान में बसों का संचालन नहीं किया जा रहा है। उन क्षेत्रों की सूची मिलने के बाद उन मार्गों पर बस संचालन करने पर बस ऑपरेटरों को परमिट तथा टैक्स में राहत दिए जाने पर विचार किया जा रहा है। परमिट के लिए आवेदन करने पर राज्य परिवहन प्राधिकार सुनवाई के बाद रूट निर्धारित कर निजी ऑपरेटरों को संचालन का आदेश जारी करेगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को विकासखंड के साथ ही तहसील और जिलों को जोड़ा जा सके, जिससे गांव में रहने वाले ग्रामीणों को सीधे कनेक्टिविटी मिल सके।

# आज आएंगे शिवप्रकाश नितिन नवीन, कल चलेगा मैराथन बैठकों का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- निगम के महापौर, सभापति, पालिका, नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्षों, निगम, मंडल के अध्यक्ष-उपाध्यक्षों की होगी बैठक
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव भी होंगे शामिल

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश और भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन मंगलवार रात को रायपुर पहुंच रहे हैं। बुधवार की सुबह से लेकर रात कर बैठकों का दौर चलेगा। नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में जीतने के बाद महापौर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बने जन प्रतिनिधियों, निगम, मंडल, आयोग में नियुक्ति अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के साथ बैठक होगी।

बैठकों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा और प्रदेश के कुछ मंत्री भी शामिल होंगे। प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली है। इसके बाद अब प्रदेश सरकार ने तीन दर्जन निगम, मंडल और आयोगों में अध्यक्ष और उपाध्यक्षों की नियुक्ति भी कर दी है। आने वाले समय में बचे हुए निगम, मंडलों में नियुक्ति होनी है। इसी के साथ इस समय भाजपा के स्थापना दिवस पर लगातार कार्यक्रम चल रहे हैं।

### चार बड़ी बैठकें होंगी

शिव प्रकाश और नितिन नवीन बुधवार को सुबह से लेकर रात तक लगातार बैठकें करेंगे। सबसे पहले सुबह को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और महामंत्रियों के साथ बैठक होगी। इसमें उनसे जानकारी ली जाएगी। इसके बाद निगम, मंडल और आयोग में नियुक्ति किए गए अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के साथ बैठक होगी। तीसरी बैठक प्रदेश के सभी मोर्चा की होगी। अंत में निगमों के महापौर, सभापति, नगर पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्ष उपाध्यक्षों और जिला पंचायत के जिला अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के साथ बैठक होगी। इन बैठकों में शिव प्रकाश और नितिन नवीन मार्गदर्शन देंगे। इसी के साथ आगे की रणनीति पर चर्चा होगी।

# एनईपी : खराब परीक्षा परिणामों के बीच दूसरे सेमेस्टर के लिए आवेदन 20 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- रविवि ने जारी की अधिसूचना, विलंब शुल्क के साथ मिलेगा 6 दिनों का अतिरिक्त समय

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत मौजूदा शैक्षणिक सत्र में पहली बार सेमेस्टर पद्धति लागू की गई है। जनवरी-फरवरी में आयोजित की गई प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश परीक्षा के बाद जून में द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं होगी। इस तरह से यह पहला बैच होगा, जो द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं दिलाएगा। इसके लिए आवेदन सोमवार अर्थात 7 अप्रैल से प्रारंभ हो गए। छात्र 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद विलंब शुल्क के साथ 6 दिनों का अतिरिक्त समय 21 से 26 अप्रैल तक दिया जाएगा। विवि द्वारा समय-सारिणी माहांत तक अथवा अगले माह जारी कर दिए जाएंगे। आवेदन ऑनलाइन ही किए जाएंगे।

### खराब परिणामों को लेकर रोष

रविवि द्वारा आयोजित किए गए प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम मार्च माह से ही लगातार जारी किए जा रहे हैं। बीए, बीकॉम, बीएससी जैसे मुख्य कक्षाओं के नतीजे रविवि जारी कर चुका है। इनमें से अधिकतर कक्षाओं के परिणाम पहले की तुलना में खराब आए हैं। आंकड़ों के मुताबिक, वार्षिक परीक्षा पद्धति की तुलना में सेमेस्टर परीक्षा पद्धति के नतीजे अधिक खराब रहे हैं। छात्रों में इसे लेकर रोष है। कई महाविद्यालयों ने भी इसे लेकर विवि प्रबंधन से संपर्क किया है। इन सबके बीच रविवि ने दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी है।

# कुम्हारी टोल प्लाजा हटाएं, दो पूर्व विधायकों ने गडकरी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- केंद्रीय मंत्री से प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात करने मांगा समय
- टोल प्लाजा में अवैध वसूली को लेकर करेंगे चरणबद्ध आंदोलन : विकास उपाध्याय

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय और कुलदीप जुनेजा ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र के माध्यम से कुम्हारी स्थित टोल प्लाजा को हटाये जाने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने संबंधित विषय पर चर्चा करने मुलाकात के लिए समय की मांग की।

विकास उपाध्याय ने कहा कि वे केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात कर कुम्हारी टोल प्लाजा में चल रही अवैध वसूली की शिकायत करेंगे। जब तक कुम्हारी टोल प्लाजा हटाया नहीं जाता, तब तक कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध आन्दोलन कर सड़क की लड़ाई लड़ेगी। श्री उपाध्याय ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व एनएचएआई के दफ्तर में जाकर कुम्हारी टोल प्लाजा को हटाये जाने के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की थी, लेकिन आज तक इस संबंध में किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई। इसीलिए केन्द्रीय मंत्री से चर्चा के लिए हमने समय मांगा है, ताकि वस्तुस्थिति से उनको अवगत कराया जा सके। रायपुर पश्चिम क्षेत्र के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि इसके लिए हम अंतिम सांस तक लड़ाई लड़ेंगे और आने वाले दिनों में कुम्हारी टोल प्लाजा से लेकर दिल्ली तक भी प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने तीन साल पूर्व सदन में कहा था कि बहुत जल्द संपूर्ण भारत में टोल नाके बंद किये जायेंगे। सिर्फ जीपीएस की सहायता से रोड पर चल रहे वाहनों पर टैक्स लिया जायेगा। उन्होंने यह घोषणा भी की थी कि 60 किलोमीटर के भीतर सिर्फ एक टोल प्लाजा संचालित होगा, पर छत्तीसगढ़ में दुर्ग स्थित और राजनांदगांव स्थित टोल प्लाजा की दूरी, कुम्हारी और मंदिर हसौद टोल प्लाजा की दूरी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 60 किलोमीटर दायरे वाला कथन कितना सही है।

# मार्च के बिल में डेढ़ फीसदी महंगी बिजली का झटका

- अब हर माह तय होती है कीमत उसके हिसाब से टैरिफ के ऊर्जा प्रभार पर शुल्क लगता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- नए साल में अब तक तीन माह में कीमत में ज्यादा इजाफा नहीं हुआ
- सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को लगातार महंगी बिजली का झटका लग रहा है। अब मार्च का जो बिल अप्रैल में आया है, उसमें डेढ़ फीसदी महंगी बिजली का झटका लगा है। 2023 के अप्रैल से हर माह बिजली की कीमत तय होती है, उसके हिसाब से टैरिफ के ऊर्जा प्रभार पर शुल्क लगता है।

मार्च में जो फरवरी का बिल आया था, उसमें ऊर्जा प्रभार पर शुल्क 11.16 फीसदी था, जो इस बार बढ़कर 12.61 प्रतिशत हो गया है। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले 2023 के अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया। इसके बाद मई में 10.29 प्रतिशत, जून में 14.23, जुलाई में 11.43, अगस्त में शुल्क 10.31 प्रतिशत रहा। सितंबर और अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण अगस्त का शुल्क लिया गया। बाद में सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय होने पर इसका समायोजन किया गया। नवंबर में शुल्क कम होकर 7.04 प्रतिशत हो गया। दिसंबर में यह शुल्क 6.30 प्रतिशत था। इसके बाद 2024 में भी कीमत कम ज्यादा होती रही।

### इस साल ज्यादा इजाफा नहीं

नए साल में अब तक तीन माह में कीमत में ज्यादा इजाफा नहीं हुआ है। फरवरी में जब जनवरी माह का बिल आया तो इसमें ऊर्जा प्रभार पर दस फीसदी शुल्क लगा। इसके बाद मार्च में जब फरवरी का बिल आया तो ऊर्जा प्रभार पर लगने वाले शुल्क में 1.16 फीसदी ही इजाफा हुआ और शुल्क 10 से बढ़कर 11.16 प्रतिशत हो गया। और अब अप्रैल में मार्च का बिल आया है तो इसमें ऊर्जा प्रभार पर शुल्क 12.61 प्रतिशत हो गया है। यानी 1.45 फीसदी का इजाफा हुआ है।

# आयुष्मान की प्रोत्साहन राशि पर डेढ़ साल से ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**बंदरबाट की शिकायतों के बाद लगी थी रोक, अब तक नहीं हो पाया फैसला**

खास खबर

- अस्पताल सहित चिकित्सकीय स्टाफ को वितरित की जाती है 34 फीसदी राशि

आयुष्मान योजना के तहत किए गए उपचार के बदले मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के वितरण पर लगा ब्रेक पिछले डेढ़ साल से नहीं हट पाया है। योजना में इलाज के बदले डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को बड़ी राशि प्राप्त हो जाती थी।

इसकी बंदरबाट की लगातार शिकायतों के बाद राशि वितरण पर अघोषित तौर पर रोक लगाई गई थी, जिस पर अब तक अंतिम फैसला नहीं हो पाया है। छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालों में आने वाले 90 फीसदी मरीज आयुष्मान योजना के हितग्राही होते हैं। योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा मरीजों को उपचार लाभ देने के लिए डाक्टर सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ को एक निश्चित हिस्सा इंटेंसिव के रूप में दिया जाता है। सूत्रों के अनुसार आंबेडकर अस्पताल के कई विभाग में कार्यरत सर्जन सहित बड़े चिकित्सकों को इंटेंसिव के रूप में वेतन से ज्यादा राशि मिल जाती थी। वहीं अन्य अस्पतालों के स्टाफ को निश्चित राशि का भुगतान होता था। दूसरी ओर प्रोत्साहन राशि के वितरण में गड़बड़ी का दौर शुरू हो गया और निचले स्तर के कर्मचारियों तक यह राशि पहुंचना ही बंद हो गई। विभिन्न शिकायतों की वजह से योजना में पारदर्शिता लाने तक प्रोत्साहन राशि के वितरण पर अघोषित तौर पर रोक लगा दी गई। इस प्रोत्साहन राशि के वितरण पर लगे ब्रेक को करीब डेढ़ साल गुजर चुके हैं, इसकी वजह से चिकित्सकों के साथ अन्य स्टाफ को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

चिकित्सकीय स्टाफ के साथ उपचार की राशि का लगभग दस फीसदी हिस्सा अस्पताल में सुविधा के विस्तार के लिए दिया जाता है। इस मामले में स्टेट नोडल एजेंसी के जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

### प्रोत्साहन राशि करोड़ों में

सूत्रों के अनुसार योजना के तहत प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों के स्टाफ को वितरित की जाने वाली प्रोत्साहन राशि हर साल करोड़ों में जाती है। करीब तीन साल पहले प्रदेश में करीब 59 लाख उपचार के मामलों में 87 करोड़ रुपए का वितरण प्रोत्साहन राशि के रूप में किया गया था। इसके बाद संदेह का जन्म हुआ और मामले में कसावट का दौर शुरू हुआ।




### निजी अस्पतालों का भुगतान बाकी

सूत्रों का कहना है कि आयुष्मान योजना के तहत निजी अस्पतालों को उपचार की पूरी राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। प्राप्त होने वाली राशि के आधार पर उन्हें कुछ हिस्सा सरकारी अस्पतालों के साथ प्रदान किया गया है। राजधानी समेत प्रदेश में अभी भी कई अस्पतालों द्वारा आयुष्मान योजना में मरीजों का उपचार नहीं किया जाता है।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



04 हेयर स्पा से हो सकता है नुकसान ...

## एजूकेशन अपडेट

# प्री-बीएड, प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 25 अप्रैल तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसके लिए व्यापम द्वारा ऑनलाइन आवेदन की तिथि निर्धारित की गई है। प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभिक तिथि 28 मार्च से शुरू हो गई है।

इच्छुक अभ्यर्थी 25 अप्रैल 2025 तक शाम 5 बजे तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। त्रुटि सुधार की तिथि 26 अप्रैल से 28 अप्रैल शाम 5 बजे तक तय किया गया है। व्यापम द्वारा प्री-बीएड एवं प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षाओं की संभावित तिथि 22 अप्रैल 2025 निर्धारित किया गया है। परीक्षा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थी इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए व्यापम की वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov.in/ पर अवलोकन कर सकते हैं।



### नवमीं में प्रवेश के लिए होगी प्राक्चयन परीक्षा

प्रयास बालक और कन्या आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा होगी। इसके लिए प्रवेशपत्र विभाग की वेबसाइट **https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail** पर अपलोड कर दिया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षार्थी 20 अप्रैल तक विभागीय वेबसाइट पर क्लिक कर प्रवेशपत्र प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा शुरू होने के एक घंटे पहले परीक्षा केंद्र में उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसके साथ ही परीक्षार्थियों को प्रवेशपत्र पूरी तरह से डाउनलोड करना होगा और उसमें पासपोर्ट साइज के रंगीन नए फोटोग्रॉफ्स लगाकर प्रिंटआउट परीक्षा केंद्र में ले जाना होगा।

**इन बातों का रखें ध्यान :** सहायक आयुक्त ने यह भी बताया कि परीक्षार्थियों को अपना मूल आईडी प्रूफ जैसे आधारकार्ड, स्कूल का फोटो लगा हुआ परिचयपत्र आदि भी परीक्षा केंद्र में लाना जरूरी होगा। साथ ही परीक्षार्थी नीले, काले बॉलपाइंट पेन का उपयोग कर सकेंगे। परीक्षा हॉल में कैलकुलेटर, मोबाइल, पर्स, स्कॉर्फ अथवा इलेक्ट्रॉनिक्स सामान ले जाने की पूरी तरह से मनाही होगी। प्रवेशपत्र डाउनलोड के संबंध में यदि परीक्षार्थी को दिक्कत हो तो वह कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक-85 स्थित आदिवासी विकास विभाग में सुबह 10 से शाम साढ़े पांच बजे तक संपर्क कर सकता है।

● राजधानी के होटल, मैरिज पार्क और फार्म हाउस में भी मचेगी वैवाहिक आयोजनों की धूम

# शादी-ब्याह में विदेशी व्यंजन बनाने मुंबई से बुला रहे शेफ, गर्मी से बचने एसी मैरिज हॉल में रिसेप्शन

"14 अप्रैल को सूर्य का मेष राशि में प्रवेश होने के साथ ही शादियों के लिए लग्नवेदी सजाने का क्रम शुरू होने वाला है। अब गर्मी में शादी करने वाले लोग बड़े होटलों, मैरिज पार्क और मैरिज पैलेस के हॉल में रिसेप्शन करना पसंद करने लगे हैं। एसी कमरे और हॉल की सुविधा होने पर बुकिंग कराते हैं। देशी-विदेशी व्यंजन तैयार करने के लिए मुंबई, कोलकाता, चेन्नई जैसे शहरों से शेफ भी बुला रहे हैं।





### ठंडक देने वाले व्यंजन पसंद

एक होटल से जुड़े हरेंद्र शर्मा ने बताया कि वैवाहिक आयोजनों के लिए बुकिंग का क्रम अभी चल रहा है। सीमित मेहमानों के बीच शादी समारोह करने की चाहत रखने वाले जिस हिसाब से कमरे, हॉल के साथ सुविधा की मांग करते हैं। उसे देखते हुए रेट तय किया जाता है। इसलिए कम से 5 लाख से लेकर 30 से 40 लाख तक की सुविधा लेने के लिए लोग एक-दो दिन के लिए बुक कराते हैं। इसमें रिसेप्शन के लिए एसी हॉल को प्राथमिकता में रखा जाता है। गर्मी में लोग ठंडक देने वाले व्यंजनों को ही पसंद करते हैं।



**रायपुर।** महीनेभर थमी वैवाहिक आयोजनों की धमक अब गर्मी के सीजन में 14 अप्रैल से एक बार फिर शुरू होने वाली है। शहर के वीआईपी रोड, काठाडीह और आमानाका क्षेत्र के मैरिज हॉल, पार्क, निरंजन धर्मशाला समेत कई बड़े होटलों में होने वाली हाईप्रोफॉइल शादियों के लिए एसी कमरे की नई सुविधा से लैस लगभग सभी भवन, हॉल और होटल 12 जून के बीच मिलने वाले 25 वैवाहिक मुहूर्त के चलते बुक हैं।

एक होटल के संजय राउतराय ने बताया, बुकिंग कराने वाले लोग जिस तरह का अरेजमेंट चाहते हैं। उस लिहाज से ही प्रतिदिन के हिसाब से प्रति प्लेट देशी-विदेशी व्यंजनों का चार्ज किया जाता है। इस तरह के आयोजनों के लिए भी अधिकांश डेट बुक हो चुकी हैं। दिन, मेहमान, कमरे, हॉल और मैन्यू लिस्ट के तहत बुकिंग लेते हैं। वैसे अधिकांश लोग इस व्यवस्था को खुद संभालने से बचते हैं।

### धर्मशाला तीन महीने पहले से बुक

लोगों को कम दर पर बेहतर भवन की सुविधा वीआईपी रोड स्थित निरंजन दास धर्मशाला में मिलती है। इस लिहाज से कम बजट में शादी करने की चाहत रखने वाले लोग भवन बुकिंग करते समय प्राथमिकता में इसे रखते हैं। मैनेजमेंट के लोगों ने बताया कि धर्मशाला वैवाहिक आयोजनों के लिए तीन महीने पहले बुक हो चुकी है। इसमें देशी-विदेशी व्यंजनों की चाहत रखने वाले ज्यादातर लोग दूसरे बड़े शहरों के कैटरर्स को जिम्मेदारी देते हैं। इस तरह की व्यवस्था करने वाले लोग हालांकि बड़े होटलों में जाते हैं, जहां सुविधा और मैन्यू के लिहाज से मेहमानों की संख्या के आधार पर 5 लाख से ज्यादा प्रतिदिन का चार्ज करते हैं।

### जुलाई के बीच मिलेंगे 25 मुहूर्त

*पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि सूर्य की ग्रह स्थिति 14 अप्रैल से शुभ लग्न में होगी। इसके चलते लोगों को गृह प्रवेश, शादी-सगाई सहित सभी तक के शुभ काम के लिए 12 जून के बीच 25 मुहूर्त मिल रहे हैं। 14, 16,18,19,20, 21, 22,25, 29 और 30 अप्रैल को लग्न वेदी सजेगी। इसके अलावा मई में मुहूर्त की भरमार है। इस महीने में 1, 5, 6, 7, 8, 17,18, 19,24 और 28 को शुभ फेरे लगाए जा सकेंगे। वहीं जून में 1, 2, 4, 7 के बाद 12 जून को अच्छा मुहूर्त मिलेगा। इसके बाद फिर चातुर्मास शुरू होने से शुभ लग्न नहीं मिलेगा।*

## सिटी इवेंट

# यूनिवर्सिटी के दीक्षांत में 18 होनहारों को गोल्ड तो 16 को पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** एमिटी यूनिवर्सिटी का तीसरा दीक्षांत समारोह 9 अप्रैल को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा। इसकी अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। समारोह में एमिटी ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक के. चौहान औपचारिक संबोधन देंगे। वहीं चेयरमैन डॉ. असीम चौहान प्रेरणादायक बातें कहेंगे, चांसलर डॉ. डब्ल्यू. सेल्वामूर्ति सभा को संबोधित करेंगे। कुलपति प्रो. पीयूषकांत पांडे भी मंचस्थ होंगे। इनके हाथों से विभिन्न विषयों के 676 स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट को डिग्री व पदक दिए जाएंगे। सोमवार को पत्रकारवार्ता में यह जानकारी डॉ. केएन किशोर ने दी। उन्होंने बताया कि इस बार भी 18 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल तो 16 को पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। इसमें छात्र-छात्राओं के परिजन भी शामिल होंगे।



### सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर ट्रॉफी भी...

समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अनुकरणीय उपलब्धियों के लिए कई उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान होगा। छात्रों की बलजीत शास्त्री पुरस्कार दिया जाएगा। एक छात्र को बहुमुखी प्रतिभा, समग्र योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए 18 छात्रों को स्वर्ण पदक, जबकि 15 छात्रों को रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा। 6 छात्रों को कांस्य पदक मिलेगा। इस समारोह को यादगार बनाने के लिए बड़े स्तर पर तैयारी की गई है। मंचीय जिम्मेदारी भी तय की गई है।

# राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह में सिलाई मशीन का वितरण

**रायपुर।** सुधा सोसाइटी फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय हथकरघा सप्ताह का आयोजन किया गया। इस दौरान आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य होनहार गृहिणियों का मनोबल बढ़ाना और सशक्त बनाना है। गांव के प्रत्येक घर में सिलाई मशीन होने से महिलाएं हथकरघा में निपुण होंगी, जिससे वे आर्थिक रूप से मजबूत बन सकती हैं। संस्था के चेयरमैन ने बताया कि पुराने समय में लोग चरखे का इस्तेमाल कर रुई से कपड़ा बनाते थे। भारत के हर गांव में बुनकरों का समुदाय होता था। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में व्यापारी रोशनलाल बंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, साथ ही संस्था की अध्यक्ष दीप्ति गोयल भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने बताया कि इस पहल से वह घर पर रहकर काम शुरू कर सकती हैं, आने वाले भविष्य में यह उनकी आय का साधन बनेगा।



# बच्चों ने नाटक में पिरोया महावीर बनने का सफर, अमरगाथा पर उपसर्गों का हुआ मंचन

**रायपुर।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत सोमवार को रात्रिकालीन कार्यक्रम के क्रम में आत्म उर्ध्वारोहण की अमर गाथा- महावीर का आयोजन किया गया। नाटिका में वर्धमान कैसे बने महावीर और उन्होंने क्या-क्या उपसर्ग सहन किया। भगवान के जन्म के पहले उनके कर्म और जन्म के बाद उनको क्या-क्या उपसर्ग मिले, यह दृश्य मंच पर देखने को मिला और लोग मंत्रमुग्ध हो गए। तेरापंथ महिला मंडल की इस प्रस्तुति को लोगों ने खूब पसंद किया। मंच पर महिला मंडल की प्रस्तुति में भगवान महावीर के त्याग को जीवंत किया गया, जिससे वे वर्धमान से महावीर बने। नाटिका और गीत के माध्यम से महिला मंडल में अपने बनाए खुद के गीत- भगवान के कृतित्वों का केवल नहीं गुणगान है, यह कथा कैसे बने, महावीर इसका ज्ञान है... की प्रस्तुति दी। इस गीत में भगवान महावीर की कथा एवं उनके अनसुने प्रसंगों का् णन किया गया।



### विश्वभर में होगा नवकार मंत्र का जाप

विश्व नवकार महामंत्र दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा एक विशेष भव्य आयोजन का आयोजन किया गया है। यह आयोजन न केवल धार्मिक भावनाओं से जुड़ा है, बल्कि मानवता के कल्याण और विश्व शांति की दिशा में एक सार्थक पहल भी है। नवकार महामंत्र केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिए नहीं, बल्कि यह समस्त मानवता के कल्याण का मार्गदर्शक मंत्र है। यह दिव्य मंत्र शांति, सकारात्मकता और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत है, जो जीवन को संतुलित और समृद्ध बनाने की शक्ति रखता है। इस अवसर पर विश्वभर में लोग एक साथ नवकार महामंत्र का जाप करेंगे और संपूर्ण जगत की शांति एवं समृद्धि की कामना करेंगे।

### साधना काल में कई उपसर्गों का सामना करना पड़ा

*भगवान महावीर को अपने साधना काल में कई उपसर्गों का सामना करना पड़ा, जिनमें शूलपाणी यक्ष का उपसर्ग, ग्वाले का उपसर्ग और गोशालक का उपसर्ग शामिल हैं, इन सभी उपसर्गों का जीवंत मंचन दादाबाड़ी में किया गया। नाटिका में नृत्य, ड्रामा, डायलॉग के माध्यम से कलाकारों ने अभिनय किया और मंच के स्क्रीन पर भी नाटिका के कुछ प्रसंग चल रहे थे। महिला मंडल की ओर से मंगलाचरण, स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई और अंतिम में परिषद की महिलाएं और जन्म कल्याणक समिति के पदाधिकारी शामिल हुए।*

# माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक कल से

**रायपुर।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में सप्तम राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक एवं दक्षिणांचल अधिवेशन का आयोजन 9 अप्रैल से आयोजित किया गया है।

छत्तीसगढ़ माहेश्वरी महिला संगठन की प्रदेश मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि मंगल मैत्री 2025 कार्यक्रम का आयोजन कर्नाटका में आयोजित है। जहां प्रथम दिन ब्रेस्ट कैंसर को लेकर फिजिकल चेकअप सहित जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ एवं महामंत्री ज्योति राठी ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन सेवा परमो धर्म विषय पर डॉ. हरिप्रसाद सोमानी द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही दक्षिणांचल अधिवेशन के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. पवन दरक शामिल होंगे। बैठक का समापन कार्यकर्ता सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह से होगा।

### जिम्मेदारी सौंपी गई

कार्यक्रम को सफल बनाने डिजिटल कार्य, पंजीकरण, मंच एवं सभागार व्यवस्था, भोजन समिति सहित यातायात, मैत्री भ्रमण, संचालन एवं उद्योग मेला समिति का गठन कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बता दें कि तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, कर्नाटका, गोवा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, केरला, पॉन्डिचेरी के पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय बैठक का आतिथ्य स्वागत किया जाएगा। इस मौके पर पदाधिकारियों द्वारा हम्पी शहर का भी भ्रमण किया जाएगा।

कार्नर न्यूज



भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर 'जैन गॉट टैलेंट' स्पर्धा

# एक मिनट में भगवान पार्श्वनाथ के 108 नामों का उच्चारण, वाद्ययंत्र-नृत्य में भी दिखाया हुनर

**रायपुर।** महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर दादाबाड़ी में राज्यस्तर पर 'जैन गॉट टैलेंट' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के जरिए जैन समाज के प्रतिभाशाली कलाकारों को अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिला। इस दौरान गायन, नृत्य, वादन और विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया गया। इसमें 5 वर्ष से लेकर 45 वर्ष तक के 40 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कमला देवी संगीत महाविद्यालय के प्रख्यात संगीतज्ञ डॉ. दीपक बेडेकर, कोरियोग्राफर एवं नृत्यांगना कु. एकता पंसारी, भरतनाट्यम के वरिष्ठ गुरु अनिल चंदेल व नगरी के प्रतिष्ठित संगीत विशेषज्ञ अजय छाजेड़ निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे।



### वाद्ययंत्र बजाकर दिखाई प्रतिभा

प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न वर्गों में प्रतिभागियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। सार्थक लुनिया ने विभिन्न वाद्ययंत्रों को बजाने की अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया। शशिमाया जैन ने मात्र 1 मिनट में पार्श्वनाथ भगवान के 108 नामों का उच्चारण कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जीवित निमानी ने विश्व के सभी देशों के झंडे देखकर उनके नाम, राजधानी और मुद्रा बताने का अद्भुत प्रदर्शन किया। इसके अलावा 15 वर्ष के वृद्धि चोपड़ा ने मात्र 2 मिनट में भगवान महावीर का अद्भुत चित्र बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पांच घंटे तक चले इस भव्य आयोजन के अंत में विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। संभव महिला मंडल की अध्यक्ष दक्षा मूणत तवं सचिव निशा कोठारी ने निर्णायकों, प्रतिभागियों एवं समाज के सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



### योग नृत्य ने मोहा मन

कार्यक्रम में 10 वर्षीय वान्या लोढ़ा ने जिम्नास्टिक और योग का मिश्रण कर एक सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। अमीषा लुनिया ने गानों को उल्टा गाकर सुनाया, जो उनकी अनोखी प्रतिभा को दर्शाता है। इनका नाम गोल्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। अन्य प्रतिभागी में बांसुरी रवींद्र बच्छावत, वायलिन सिद्ध मूणत, एकल तबला वादन, गायन संगति और वाद्ययंत्रों के साथ नृत्य जैसी विशेष प्रस्तुतियां दीं।इसके अलावा कई प्रतिभागियों ने गायन, वादन और नृत्य में शानदार प्रस्तुति दीं। बांसुरी वादन, तबला वादन, एकल वायलिन वादन और ग्रुप डांस जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## सिटी लाइव

# छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति के प्रांताध्यक्ष बने दिवाकर



**रायपुर**। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति की आम बैठक में नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। पूर्व अध्यक्ष विनय तिवारी के कार्यकाल की समाप्ति के बाद दिवाकर तिवारी को सर्वसम्मति से प्रांताध्यक्ष चुना गया। साथ ही बिहारीलाल शर्मा, अजय शर्मा, आकाश दुबे और सुषमा तिवारी को महासचिव बनाया गया। समिति का नया उपाध्यक्ष भारतरत्न तिवारी तथा कोषाध्यक्ष नीरज दुबे को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य में कमलेश शर्मा, राहुल शर्मा, सुनीता नीतू, मनोज शर्मा, आदित्य मिश्रा, लक्ष्मीकांत शर्मा, शैलेश मिश्रा, एनपी उपाध्याय, संजय दुबे और अमिताभ दुबे का नाम प्रस्तावित किया गया। इसके अतिरिक्त डॉ. संध्या तिवारी को महिला प्रकोष्ठ की प्रांताध्यक्ष बनाया गया। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति प्रदेश का सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन है, जो समाजसेवा, शिक्षा और सांस्कृतिक उन्नयन के क्षेत्र में वर्षों से सक्रिय है।

### निगम-मंडल के प्रतिनिधियों का सम्मान

नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने तथा समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ, साथ ही जिन्हें निगम-मंडल में पद मिले हैं, समाज के ऐसे प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया और परशुराम जयंती हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। यह जानकारी महासचिव अजय शर्मा ने दी।

## समाज लाइव

# बाल आश्रम के बच्चों संग मनाया रामनवमी पर्व



**रायपुर**। रामनवमी के अवसर पर वक्ता मंच के कार्यकर्ताओं ने बाल आश्रम में बच्चों के साथ पर्व मनाया। इस मौके पर आवासीय बालक छात्राास गंजपारा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को शैक्षणिक-साहित्यिक व सांस्कृतिक जानकारी दी गई। खास अवसर पर बच्चों को श्रीराम के जीवन से जुड़ी अनेक कहानियों को आदर्श के रूप में व्याख्या की गई। विशेष अवसर पर सौ से अधिक छात्रावास के बच्चों शामिल हुए। साथ ही संस्था से विवेक मिश्रा, यातायात प्रशिक्षक टीके भोई, चेतन भारती, राजाराम रसिक, दुर्गेश साहू, आरके साहू, विष्णु प्रसाद साहू समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था

जन्मोत्सव के अवसर पर बढ़ते कदम संस्थान द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के विभिन्न स्थानों पर जनहितकारी कार्य किया गया। संस्था के सदस्य ने बताया कि देवेंद्र नगर स्थित स्व. अनिल गुरुबक्षाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए गोमाता के लिए कोटना एवं भोजन की व्यवस्था की गई। इन दिनों तेज गर्मी लगातार बढ़ती जा रही, जिससे पक्षियों को बचाने के लिए दाना-पानी की व्यवस्था भी की गई। इस दौरान इंद्र कुमार डोडवानी, राजू झामनानी एवं सुरेश रोचलानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

तेज धूप और पानी की कमी से मारे न जाएं पक्षी, इसलिए मिट्टी, लकड़ी, रस्सी और पैरा से बने घोंसले खरीद रहे

# गर्मी से परिंदों को बचाने पेड़ों पर लगा रहे कृत्रिम घोंसले दाना-पानी की तलाश में पहुंच रहीं गौरैया-बुलबुल

*झुलसती गर्मी में पक्षियों की जान बचाने के लिए पशु-पक्षी प्रेमियों ने घर, ऑफिस और सड़कों पर दाना-पानी की व्यवस्था शुरू कर दी है। बाजारों में बिक रहे कृत्रिम घोंसले अब पक्षियों को तेज धूप से बचाने का काम कर रहे हैं, जिन्हें लोग घर की बालकनी, आंगन और छतों पर लगा रहे हैं।*







### घर की छत पर दाना-पानी की व्यवस्था

बढ़ती गर्मी के मद्देनजर पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए लोग घर की छतों पर दाना और पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। बंजारी चौक निवासी नीला साव ने घर की छत पर मिट्टी के बर्तन में पानी और दाना रखा है, साथ ही गर्मी से बचने के लिए एक छोटा छत्र भी तैयार किया है। नीला साव ने बताया, गर्मी की समस्या को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। पशु-पक्षियों की देखरेख हमारी जिम्मेदारी है और उनका बचाव करना बहुत जरूरी है। वहीं कृष्णानगर निवासी देवेंद्र कुमार साहू ने भी घर पर पक्षियों के लिए घोंसला और पानी के लिए मटकी रखी है। उन्होंने बताया, प्रत्येक वर्ष हम पशु-पक्षियों के लिए ठहरने और दाना-पानी की व्यवस्था करते हैं। इस बार आसपास के प्रत्येक घरों में भी इस व्यवस्था को लागू किया गया है।

**रायपुर**। हर साल गर्मी और पानी की कमी के कारण बड़ी संख्या में पक्षी मारे जाते हैं, जिसे देखते हुए लोग मिट्टी, लकड़ी, रस्सी और पैरा से बने घोंसले खरीद रहे हैं। इन घोंसलों को स्थापित करने से न केवल पक्षियों को ठंडक मिल रही है, बल्कि घरों की सुंदरता भी बढ़ रही है। बालकनी के लिए साधारण रस्सी और पैरा के घोंसले तो वहीं आंगन में लकड़ी के घोंसले लगाए जा रहे हैं, जिससे पक्षियों के लिए सुरक्षित ठहराव और दाना-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो रही है।



### पक्षियों के लिए लकड़ी के बर्ड हाउस

बाजार में छोटे और बड़े पक्षियों के लिए विभिन्न आकार के घोंसले उपलब्ध हैं। इनमें खासतौर पर छोटे आकार के घोंसले की अधिक मांग देखी जा रही है। फाफाडीह स्थित दुकान संचालक राकेश गुप्ता के अनुसार, इन घोंसलों को प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों से मंगवाया जाता है। इसके अलावा, लकड़ी के बर्ड हाउस भी उपलब्ध हैं। इन घोंसलों की कीमत 200 से 400 रुपए तक है। लकड़ी, बांस और घास की मदद से घोंसला तैयार किया गया है। इसकी कीमत 240, 300 और 400 रुपए तक है।

### दिनभर सुनाई देती पक्षियों की चहचहाहट

घरों पर कृत्रिम घोसला रखने से घरों से सुबह व दोपहर के वक्त पक्षियों की चहचहाहट की आवाज सुनाई दे रही है। ज्यादातर लोगों एक पेड़ में 5 से अधिक घोंसले लटका दिए हैं। उसमें हर तीसरे दिन दाना-पानी रखते। पूरे दिन पक्षियों की चहचहाहट सुनाई देती है। कई पक्षियों ने स्थायी आशियाना बना रखा है। कृत्रिम घोंसलों में विलुप्त हो रही गौरैया के अलावा मैना, तोता व बुलबुल समेत अन्य पक्षी पहुंच रहे हैं।

# मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 13 से महाधिवेशन, कलश यात्रा से आगाज

## शहर के इंडोर स्टेडियम में होगा आयोजन, 10 को निकलेगी सद्भावना रैली



**रायपुर**। इस बार छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का दो दिवसीय महाधिवेशन इंडोर स्टेडियम में होगा। 13 और 14 अप्रैल को चार सत्र में सामाजिक मुद्दों को चर्चा, परिचर्चा के साथ निर्णय भी लिए जाएंगे। समाज के प्रदेश अध्यक्ष खोडस राम कश्यम, प्रदेश महामंत्री यशवंत सिंह वर्मा ने पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। समाज के सभी वर्गों से बड़ी संख्या में सहभागिता निभाने का अनुरोध करते हुए उन्होंने बताया कि महाधिवेशन में वर्षभर की गतिविधियों और आगामी वर्ष की योजनाओं पर मंथन किया जाएगा। इससे पहले 10 अप्रैल को मोवा से बाइक रैली निकाली जाएगी। जो दुबे कॉलोनी, पंडरी बस स्टैण्ड, कचहरी चौक, शास्त्री चौक, जयस्तंभ चौक, तात्यपारा, आमापारा, लाखेनगर, लिली चौक से होते हुए इंडोर स्टेडियम में संपन्न होगी।

### दो दिन में होंगे चार सत्र, अतिथि तय

इस क्रम में 13 अप्रैल को कलश यात्रा भोला कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास से शुरू होने के बाद तात्यापारा, कंकाली तालाब, पुरानी बस्ती थाना चौक होते हुए इंडोर स्टेडियम में विराम दिया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, सांसद विजय बघेल, मंत्री टंकराम वर्मा प्रमुख रूप से शामिल होंगे। महाधिवेशन चार सत्र में होगा और इनमें अलग-अलग अतिथि होंगे। अध्यक्षता खोडस राम कश्यप करेंगे, जबकि संयोजक राज प्रधान जगेश्वर वर्मा होंगे।

### 15 जोड़े का होगा सामूहिक विवाह

महाधिवेशन में 15 जोड़ों का सामूहिक विवाह होगा। इसके लिए जिम्मेदारी बांटी गई है। महाधिवेशन में राज प्रधान अपना वार्षिक प्रतिवेदन पेश करेंगे। इसके बाद समाज में बेहतर काम करने वालों के साथ ही सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में काम करने वालों का सम्मान किया जाएगा। इसमें मेधावी छात्र, समाजसेवी और प्रतिभाशाली युवा शामिल होंगे। समाज की बेहतरी के लिए नए नियम व प्रस्ताव लाए जाएंगे। इसमें चुनाव प्रक्रिया, प्री-वेडिंग शूट जैसे आडंबर को खत्म करने के संबंध में मंथन करेंगे।

# गुरु द्रोण-अर्जुन अवार्ड के लिए गुरु-शिष्यों ने दिखाया कौशल



**रायपुर**। कथक और भरतनाट्यम की एक से बढ़कर एक नृत्यों के बीच गुरु-शिष्यों के बीच नृत्य कौशल दिखाने की होड़ मची। 4 से 6 अप्रैल के बीच आयोजित नटरंग फेस्टिवल का समापन रंग मंदिर में किया गया। इसमें सात सुरों के बीच नृत्यों की प्रस्तुति में कला प्रेमी तीन दिन रमें रहे। अंतिम कड़ी में गुरु द्रोण-अर्जन अवार्ड के लिए 60 प्रतिभागियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। संगीत कला अकादमी की डायरेक्टर संगीता काप्से ने बताया कि नटरंग फेस्टिवल में डा. रतिश बाबू ने भरतनाट्य के जरिए नरसिंह अवतार के दृष्यों का एहसास कराया। यह सिलसिला देर-शाम तक चला, जिसमें उभरते गुरुओं व शिष्यों ने रंग भी जमाया।

### खैरागढ़ से दिलाएंगे निशुल्क प्रशिक्षण

निर्णायकों के सामने सुबह 9 से शाम 7 बजे के बीच अलग-अलग विधा से जुड़े कलाकारों ने कुल 60 प्रस्तुति दी। इनमें ओडिसी, कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम और कथक नृत्य का प्रदर्शन दिनभर चला। फेस्टिवल में गुरु और शिष्यों की जुगलबंदी देखने का अवसर लोगों को पहली बार मिला। गुरु द्रोण-अर्जुन अवार्ड से चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। फेस्टिवल की अंतिम कड़ी में चिन्हारी पोर्टल से जुड़े कलाकार राधिका शर्मा और गीतिका चक्रधर को अनुदान राशि प्रदान की गई। वहीं दीपिका यादव को खैरागढ़ में निःशुल्क नृत्य की तालिम दिलाने की जिम्मेदारी आयोजन संस्था ने लेने की घोषणा की।

# 11 क्विंटल मालपुआ प्रसादी 2 हजार से अधिक श्रद्धालुओं में वितरित, जन्मोत्सव का छाया उत्साह

## सोहर गीतों से गूंजा जैतूसाव मठ

**रायपुर**। पुरानी बस्ती स्थित जैतूसाव मठ में श्रीराम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इसके दूसरे दिन भी मठ परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस वर्ष जन्मोत्सव में भगवान श्रीराम छत्तीसगढ़ी पोशाक और आभूषणों से विशेष श्रृंगार में नजर आए, जिनके दर्शनमात्र के लिए हजारों भक्त लंबी कतार में अपनी बारी का इंतजार करते रहे। जन्मोत्सव के दूसरे दिन मठ में 11 क्विंटल मालपुआ का राजभोग भगवान श्रीराम को अर्पित किया गया, जिसकी तैयारी 15 दिन पहले ही शुरू हो गई थी। प्रत्येक वर्ष की भांति सभी रस्में छत्तीसगढ़ी परंपरा के अनुसार ही संचालित की जा रही हैं, जिसमें जन्म के साथ छट्ठी कार्यक्रम भी रखा गया।

जन्मोत्सव के दूसरे दिन भी रामलला के जन्मोत्सव पर महिला मंडल द्वारा भजन संध्या प्रस्तुत किया गया, इस मौके पर अयोध्या म जनमे राम हमर भांचा हो...भजन से महोत्सव की शुरुआत की गई। इस अवसर पर महिला मंडल ने छत्तीसगढ़ के भांचा रामलला के जन्मोत्सव पर सोहर गीत प्रस्तुत किया, ढोल-बाजा और फूलों की वर्षा के बीच भक्त झूमते गाने जन्मोत्सव का आनंद लेते नजर आए।



### मठ परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार

श्रीराम जन्मोत्सव अवसर पर जैतूसाव मठ में विशेष महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसके दूसरे दिन मालपुआ का महाप्रसाद भगवान को अर्पित की गई। इस वर्ष 11 क्विंटल प्रसादी का वितरण किया गया। दोपहर 1 बजे भगवान श्रीराम को दो टोकरी मालपुआ का प्रिय भोग लगाया गया, जिसके बाद 2 हजार से अधिक श्रद्धालुओं में प्रसाद बांटा गया।



सिटी स्पोर्ट्स

## छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल की 52 रनों से जीत



**रायपुर।** रायपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मेंस अंडर 16 इंटर स्कूल क्रिकेट टुर्नामेंट-2025 का आयोजन 15 अप्रैल तक जारी है। सोमवार को प्रतियोगिता का तीसरा मैच हॉलीक्रास स्कूल, कांपा तथा छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल के मध्य आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर में खेला गया। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 25 ओवरों में 5 विकेट खोकर 141 रनो का स्कोर बनाया। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल की ओर से शिवम गुप्ता ने सर्वाधिक 37 नाबाद रन तथा पार्थ मिश्रा ने 29 रनों का योगदान दिया। वहीं हॉलीक्रास स्कूल, कांपा की ओर से शोभित राव तथा कुणाल ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हॉलीक्रास स्कूल, कांपा 22 ओवरों में 10 विकेट खोकर केवल 89 रन ही बना सकी। हॉलीक्रास स्कूल, कांपा की ओर से शोभित राव ने 18 रनों की पारी खेली। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल की ओर से आशीष तथा राहुल सिंह ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल ने मैच 52 रनों से जीत लिया। शिवम गुप्ता प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किये गये। मंगलवार 08 अप्रैल को हॉलीक्रास स्कूल, बैरन बाजार विरुद्ध ब्रम्हविद ग्लोबल स्कूल के मध्य मैच खेला जायेगा।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्रिकेट टीम रही उपविजेता



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्रिकेट टीम ने 68वीं अखिल भारतीय रेल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई थी। पहले चरण में भुवनेश्वर (खुर्दा रोड) में तथा नॉकआउट मुकाबले दक्षिण पश्चिम रेलवे के मुख्यालय हुबली में सम्पन्न हुए।

प्रतियोगिता के प्रथम चरण में लीग पद्धति से टी-20 सीमित ओवरों के मैच खेले गए, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। नॉकआउट मुकाबलों में टीम ने सेंट्रल रेलवे एवं दक्षिण पश्चिम रेलवे को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में नॉर्दर्न रेलवे के खिलाफ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम ने उपविजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 2023-24 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की टीम ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया था। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने टीम के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी स्टाफ को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर टीम के सभी खिलाड़ी, प्रशिक्षक, महासचिव, सचिव एवं स्पोर्ट्स सेल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय एआरएम कप फुटबॉल में बीएमवाई चरोदा विजेता



**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे इंस्टीट्यूट बीएमवाय एवं बीएमवाय फुटबॉल क्लब के सयुंक्त आयोजन में राज्य स्तरीय एआरएम कप फुटबॉल प्रतियोगिता का फाईनल मैच रविवार 6 अप्रैल को खेला गया। फाईनल मुकाबला बीएमवाय चरोदा एफसी एवं एसीबी कोरबा के मध्य हुआ। जिसमें बीएमवाय चरोदा ने 4-0 से जीत दर्ज कर विजेता का खिताब प्राप्त किया। विजेता टीम को 31000 और विजेता कप एवं उपविजेता टीम को 21000 और उपविजेता कप प्रदान किया गया। इस टूर्नामेंट में बेस्ट प्लेयर राहुल गुप्ता, बेस्ट गोलकीपर विमल तांडी, बेस्ट हाफ इसाक, बेस्ट अपकमिंग प्लेयर इसाक को दिया गया। सभी खिलाड़ी बीएमवाई एफसी के थे।

10-ए साइड 10 दिवसीय राज्य स्तरीय एआरएम कप फुटबॉल टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया जिसमें कोरबा, बिलासपुर, गोंदिया, उकवा बालाघाट, रायपुर, भिलाई से टीमें आईं। जिसमें बीएमवाई एफसी एवं एसीबी कोरबा के मध्य फाइनल मैच हुआ। जिसमें बीएमवाई एफसी ने 4-0 से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का का विजेता का खिताब प्राप्त किया।

### महिलाओं की स्वास्थ्यगत समस्याओं पर जागरुकता जरूरी

# कम उम्र की महिलाओं में तेजी से बढ़ रही पीसीओएस और पीसीओडी की तकलीफें

लाइफस्टाइल और आहार से संबंधित गड़बड़ियों ने कम उम्र में ही कई प्रकार की बीमारियों का खतरा काफी बढ़ा दिया है। जब बात महिलाओं के स्वास्थ्य की हो तो दो बीमारियों की चर्चा सबसे ज्यादा की जाती है- पीसीओएस और पीसीओडी। ये दोनों ही महिलाओं में होने वाले हार्मोनल विकार हैं, जिसके कारण कई प्रकार की दिक्कतें हो सकती हैं। क्या ये दोनों विकार एक ही हैं या इनमें कोई अंतर है? आइए इस बारे में समझते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पीसीओडी या पीसीओएस दोनों ही महिलाओं के ओवरी (अंडाशय) को प्रभावित करने वाली बीमारी हैं। ओवरी महिलाओं के प्रजनन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। प्रजनन के लिए ओवरी न सिर्फ अंडों का उत्पादन करती है बल्कि एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन जैसे फीमेल हार्मोन्स भी स्रावित करती है।



### पीसीओएस की क्या पहचान है?

पीसीओएस की स्थिति कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाने लगती है। मासिक धर्म में अनियमितता होना या नियमित मासिक धर्म न होना पीसीओएस का सामान्य लक्षण है। इसी तरह मासिक धर्म का कई दिनों तक या सामान्य से ज्यादा समय तक चलना भी पीसीओएस का सामान्य लक्षण है। शरीर में एंड्रोजन हार्मोन का स्तर बढ़ने के कारण चेहरे और शरीर पर बहुत ज्यादा बाल हो सकते हैं। चेहर पर बहुत ज्याद मुंहासे होना या तेजी से बाल कम होते जाना भी पीसीओएस का एक संकेत माना जाता है।

### अब जानिए पीसीओडी क्या है?

पॉलीसिस्टिक ओवेरियन डिजीज (पीसीओडी) भी पीसीओएस की ही तरह एक हार्मोनल विकार है जो भी अंडाशय को प्रभावित करता है। इसके कारण भी अनियमित मासिक धर्म, वजन बढ़ने, मुंहासे और बांझपन की समस्या हो सकती है। पीसीओडी के कारण अंडाशय में सूजन और वृद्धि भी हो सकती है। पीसीओडी के लिए कोई निश्चित 'इलाज' नहीं है, लेकिन जीवनशैली में बदलाव करके इसके लक्षणों को कंट्रोल किया जा सकता है।

अब सवाल उठता है कि जब दोनों समस्याओं को लक्षण एक जैसे हैं तो क्या दोनों में कोई अंतर भी है या फिर दोनों एक ही हैं?

### पहले जानिए पीसीओएस क्या है?

पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) एक हार्मोनल विकार है जो आमतौर पर प्रजनन आयु की महिलाओं को प्रभावित करता है। इसके कारण आपको मासिक धर्म में अनियमितता की दिक्कत होती है। इसके अलावा कुछ लोगों में पीसीओएस के कारण अत्यधिक बाल उगने, मुंहासे होने या वजन बढ़ने की भी दिक्कत हो सकती है।

पीसीओएस पर अगर ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण बांझपन की भी समस्या होने का खतरा रहता है। पीसीओएस के कारण अंडाशय में तरल पदार्थ से भरे छोटे-छोटे सिस्ट विकसित हो जाते हैं जिसके कारण ये ठीक तरीके से अंडे नहीं रिलीज कर पाती।

### क्या इनमें कोई अंतर भी है?

अपोलो हॉस्पिटल्स के विशेषज्ञ अनुसार, पीसीओडी और पीसीओएस दोनों एक जैसी समस्याएं होते हुए भी अलग हैं। पीसीओडी एक हल्का रूप है, जिसमें ओवरी में सिस्ट और अनियमित ओव्यूलेशन होता है, जबकि पीसीओएस अधिक जटिल विकार है, जिसमें हार्मोनल असंतुलन, इंसुलिन प्रतिरोध और मेटाबॉलिज्म से संबंधित दिक्कतें हो सकती हैं।

# शिवलिंग पर घी चढ़ाने का प्रभाव जरूर जानिए



शिवलिंग पर घी चढ़ाना बेहद शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि शिवलिंग की पूजा करते समय घी चढ़ाने से शिव जी जल्द प्रसन्न हो सकते हैं और व्यक्ति की मनोकामनाएं जल्द पूरी हो सकती है। इसके अलावा शिवलिंग पर घी चढ़ाने से तेज की प्राप्ति होती है और व्यक्ति के जीवन में उल्लास का आगमन होता है। साथ ही मानसिक परेशानियों से भी छुटकारा मिल सकता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि शिवलिंग पर घी चढ़ाने से व्यक्ति को मनवांछित फलों की प्राप्ति हो सकती है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है। अगर आप शिवलिंग पर घी चढ़ा रहे हैं, तो सोमवार के दिन अर्पित करें। ऐसी मान्यता है कि सोमवार का दिन शिव जी को समर्पित है। इसलिए अगर आप उन्हें जल्द प्रसन्न करना चाहते हैं, तो सोमवार का दिन उत्तम माना जाता है।

शिवलिंग पर घी चढ़ाने के दौरान इन मंत्रों का जाप करें। इससे व्यक्ति के सौभाग्य में वृद्धि हो सकती है। ॐ नमः शिवाय ॐ सोमेश्वराय नमः ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्॥ शिवलिंग की पूजा करने के दौरान घी जरूर चढ़ाएं। इससे लाभ हो सकता है।


# लंबे समय से कर्ज से हैं परेशान और नहीं मिल पा रही है मुक्ति

क्या लगातार आर्थिक परेशानियां आपका पीछा नहीं छोड़ रहीं? अगर हां, तो घबराने की जरूरत नहीं है। वास्तु शास्त्र में ऐसे कई उपाय बताए गए हैं, जो आपकी आर्थिक स्थिति को सुधार सकते हैं और आपको कर्ज से मुक्ति दिला सकते हैं।

**घर की उत्तर दिशा को रखें साफ सुथरा :** वास्तु के अनुसार, उत्तर दिशा धन और समृद्धि से सीधा जुड़ी होती है। अगर यह दिशा भारी वस्तुओं से भरी हो या गंदगी हो, तो आर्थिक प्रगति में बाधा आ सकती है। इसे हमेशा साफ-सुथरा और हल्का रखें। इस दिशा में जल से जुड़ी कोई चीज जैसे पानी भरा कटोरा रखना शुभ माना जाता है। इससे सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और आर्थिक स्थिति में सुधार आता है।

**तुलसी का पौधा :** तुलसी के पौधे का महत्व केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि यह आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा और समृद्धि भी लाती है। रोज सुबह तुलसी के पौधे को जल अर्पित करें और शाम को दीपक जलाएं। यह उपाय आपके घर में धन और कर्ज से मुक्ति दिलाने में सहायक होता है। साथ ही, घर में शांति और खुशहाली भी बनी रहती है।

**तिजोरी के लिए सही स्थान का करें चुनाव :** अगर आपके पास पैसा आता है, लेकिन रुकता नहीं, तो इसका



कारण गलत दिशा में रखी गई तिजोरी हो सकती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, तिजोरी को हमेशा दक्षिण-पश्चिम दिशा में रखना चाहिए। यह दिशा स्थिरता और सुरक्षा का प्रतीक होती है, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होती है और बचत भी होगी।

**हनुमान जी की पूजा जरूर करें :** हनुमान जी को बल, साहस और संकटमोचक देवता माना जाता है। अगर आप कर्ज से मुक्ति पाना चाहते हैं, तो मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ करें। इसके साथ ही हनुमानजी को गुड़ और चने का भोग लगाएं। यह उपाय आपके ऊपर से कर्ज का बोझ हल्का करने में मदद करेगा



# एब्स रोलर का इस्तेमाल करना सुरक्षित लेकिन सावधानी जरूरी


एब्स रोलर का इस्तेमाल पेट की मसल्स को मजबूत और टोन करने के लिए किया जाता है। हालांकि, जब आप इसका इस्तेमाल कर रहे हैं तो आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

अपने वर्कआउट के दौरान हम सभी कई तरह के इक्विपमेंट्स का इस्तेमाल करते हैं। ये इक्विपमेंट या प्रॉप्स हमारे वर्कआउट को और भी अधिक बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इन्हीं में से एक है एब्स रोलर। अमूमन इन्हें एक्सरसाइज व्हील्स भी कहा जाता है। जब भी आप कोर वर्कआउट करते हैं तो उसमें एब्स रोलर का इस्तेमाल किया जाता है। ये होम व जिम वर्कआउट दोनों के लिए बेहतर ऑप्शन हैं।

एब्स रोलर सिर्फ पेट या कोर की मसल्स को ही मजबूत या टोन नहीं करते हैं, बल्कि इनकी मदद से आपकी पीठ व बाजुओं पर भी अच्छा असर पड़ता है। इतना ही नहीं, ये आपकी बॉडी की ओवर ऑल स्ट्रेंथ को इंप्रूव करते हैं और बॉडी बैलेंसिंग व स्टेबिलिटी को भी बेहतर बनाते हैं। एब्स रोलर से वर्कआउट करना यकीनन एक अच्छा विचार है।

लेकिन एक बिगनर के रूप में आपके लिए सही तरह से एब्स रोलर का इस्तेमाल करना थोड़ा कठिन हो सकता है। यह भी संभव है कि इसका इस्तेमाल करते समय आप खुद को चोटिल कर लें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको एब्स रोलर का इस्तेमाल करते समय अवश्य ध्यान रखना चाहिए-

**एब्स रोलर क्या होते हैं :** एब्स रोलर को सही तरह से इस्तेमाल करने से पहले आपको इनके बारे में जान लेना चाहिए। एब्स रोलर का इस्तेमाल आमतौर पर कोर वर्कआउट के दौरान किया जाता है। इस पर एक छोटा पहिया और दो हैंडल बने होते हैं। इन हैंडल को पकड़कर ही व्यक्ति खुद को आगे-पीछे करता है। इस दौरान पेट की मसल्स पर जोर पड़ता है। साथ ही साथ, व्यक्ति को खुद को बैलेंस भी करना हेता है।



### धीरे-धीरे करें एक्सरसाइज

कई बार यह देखने में आता है कि जब एब्स रोलर का इस्तेमाल करते हैं तो एकदम से बहुत तेजी से आगे बढ़ जाते हैं और इस दौरान अपनी पीठ को अधिक झुका लेते हैं। ऐसा करने से उनका बैलेंस बिगड़ जाता है और उन्हें चोट लग जाती है। इसलिए, हमेशा एब्स रोलर का इस्तेमाल करते हुए अपनी गति को नियंत्रण में रखें और उसे धीरे-धीरे ही आगे की ओर बढ़ाएं। इस दौरान आपकी पीठ एकदम सीधी होनी चाहिए। साथ ही, यह भी ध्यान रखें कि आप रोलर को बहुत अधिक आगे तक ना लेकर जाएं। इससे आपके लिए वापिस आना और अपनी बॉडी को बैलेंस करना मुश्किल होगा। हमेशा शुरुआत में छोटी दूरी तक रोल करें। जब आप धीरे-धीरे इसमें कंफर्टेबल होते जाएं, तभी आप दूरी को बढ़ाते जाएं।

### कोर मसल्स को भी करें एंगेज

एब्स रोलर मुख्यतः कोर वर्कआउट के दौरान इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए जब भी आप एब्स रोलर से एक्सरसाइज करें तो अपनी कोर की मसल्स को टाइट रखें। इससे चोट लगने की संभावना काफी कम हो जाती है। साथ ही साथ, आपकी पीठ को भी सपोर्ट मिलता है।

# प्यार के ये चरण पार कर लिए तो संवर जाएगा रिश्ता, जानिए किस पड़ाव पर हैं आप

*प्यार को बनाए रखने के लिए एक-दूसरे को समय देना और आपसी समझ विकसित करना बेहद जरूरी है। आइए जानते हैं प्यार और रिश्ते के 5 पड़ाव कौन से होते हैं और आप अपने रिश्ते में किस चरण पर हैं।*

*ये इश्क नहीं आसां इतना ही समझ लीजे,*
*एक आग का दरिया है और डूब के जाना है।*

### पहला पड़ाव- आकर्षण

यह प्यार की पहली और सबसे रोमांचक स्टेज होती है। इस चरण में दोनों पार्टनर एक-दूसरे की ओर आकर्षण महसूस करते हैं। ये प्यार का शुरुआती चरण है, जिसमें नई ऊर्जा, रोमांस और जुनून रहता है। इस समय पार्टनर एक-दूसरे की अच्छी बातों पर ज्यादा ध्यान देते हैं और कमियों को नजरअंदाज कर देते हैं।

**दूसरा पड़ाव- वास्तविकता का सामना :** जब रिश्ता कुछ समय बीतने के बाद परिपक्व होने लगता है, तब दोनों को एक-दूसरे की आदतें, सोच और व्यवहार को गहराई से जानने का मौका मिलता है। इस चरण में छोटी-छोटी बातों पर गलतफहमियां और मतभेद हो सकते हैं। यह वह समय होता है जब प्यार और धैर्य से रिश्ते को मजबूत बनाए रखना जरूरी होता है।

### तीसरा पड़ाव- असहमति और संघर्ष

रिश्ते के इस तीसरे पड़ाव में कपल के बीच झगड़े, बहस और मनमुटाव होना आम बात है। कुछ रिश्ते इस दौर में टूट जाते हैं, लेकिन जो कपल इस चुनौती का सामना कर लेते हैं, उनका रिश्ता और गहरा हो जाता है। इस समय संवाद और एक-दूसरे को समझने की कला सबसे ज्यादा मायने रखती है।

**चौथा पड़ाव- स्वीकार्यता और स्थिरता :** यह वह दौर होता है जब दोनों पार्टनर एक-दूसरे की खूबियों और कमियों को पूरी तरह से स्वीकार कर लेते हैं। इस पड़ाव पर दोनों के बीच भरोसा बढ़ता है और रिश्ते में स्थिरता आती है। इस समय प्यार पहले से ज्यादा गहरा और परिपक्व हो जाता है।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई | कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड | प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर | रुई गद्दा | टावेल | तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार | निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262


शीतल का फंडा पूरा घर ठंडा
DUCK कूलर
विन्डो कूलर
कूलर हाउस
गांधी चौक, रंग मंदिर, नया नगर निगम के पास, रायपुर
(रतन जैन) (आकाश जैन)
9827129211, 9826164650

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
नवरात्रि के शुभ अवसर पर
मॉड्युलर किचन
मात्र 70 हजार से चालू
Modular Kitchen starts from 50,000/- to 2,50,000/-
Luxury Look Half Price 15 YEAR WARRANTY
Kuldeep Bhatia 9977115597, 8319076661
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'अवतार फायर एंड ऐश' का ट्रेलर होगा रिलीज फिल्म के लिए दिसंबर तक का इंतजार



'अवतारः फायर एंड ऐश' को लेकर बेहद ही अहम जानकारी सामने आई है, जिसने इस फ्रैंचाइजी के प्रशंसकों के उत्साह को और अधिक बढ़ा दिया है। सिनेमाकॉन 2025 में हॉलीवुड फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' का ट्रेलर दिखाया गया, लेकिन अभी इसे आम लोगों के लिए रिलीज नहीं किया गया है। ट्रेलर में पानी की जनजाति और ऐश लोगों के बीच लड़ाई दिखाई गई है। ऐश लोग एक क्रूर जनजाति हैं, जो पानी की जनजाति को उनके घर से भगा रहे हैं। ट्रेलर में जेक और नेयतिरी की कहानी भी दिखाई गई है, जिसमें नेयतिरी का गुस्सा बढ़ता नजर आता है। साथ ही, आसमान में बड़े एक्शन सीन की झलक भी दिखाई गई। 'अवतारः फायर एंड ऐश' 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म जेम्स कैमरून ने बनाई है और इसमें सैम वर्थिंगटन, जो सलदाना, केट विंसलेट जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म में जो सलदाना की वापसी हो गई है, जिसे लेकर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट भी जारी किया गया। जो सलदाना ने "अवतार-3' को लेकर कहा कि सुली परिवार को इस बार इंसानों और नए दुश्मन ऐश लोगों से लड़ना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि वह न्यूजीलैंड में फिल्म को पूरा करने में लगी हैं। 'अवतारः फायर एंड ऐश' में कई बड़े कलाकार नजर आएंगे। इस फिल्म को जेम्स कैमरून, रिक जाफा और अमांडा सिल्वर ने लिखा है। फिल्म को जेम्स कैमरून और जॉन लैंडौ ने बनाया है। यह फिल्म पेंडोरा की दुनिया को और रोमांचक बनाने वाली है।

### टॉलीवुड


## डेविड 'भाई' का इंट्रो टीजर रिलीज, 19 सेकंड के वीडियो में बोला ये जबरदस्त डायलॉग



हाल ही में दक्षिण भारतीय फिल्म 'रॉबिनहुड'का एक टीजर रिलीज हुआ है। इसमें क्रिकेटर डेविड वॉर्नर की एंट्री बड़ी ही शानदार रही। 19 सेकंड के वीडियो में वह ऐसा डायलॉग बोलते नजर आ रहे हैं, जो उनके फैंस, दर्शकों को लंबे वक्त तक याद रहेगा। फिल्म 'रॉबिनहुड' में मुख्य भूमिका में दक्षिण भारतीय अभिनेता नितिन हैं, साथ ही हीरोइन के रोल में श्रीलीला नजर आ रही हैं। लेकिन इस फिल्म की चर्चा क्रिकेटर डेविड वॉर्नर के कारण ज्यादा हो रही है। वह फिल्म में एक अहम किरदार निभा रहे हैं। हाल ही में डेविड वॉर्नर की एंट्री का टीजर रिलीज हुआ है। रिलीज के कुछ ही देर में यह टीजर सोशल मीडिया पर छा गया है। साथ ही डेविड वॉर्नर का बोला गया डायलॉग भी फैंस को खूब पसंद आ रहा है। टीजर की शुरुआत में क्रिकेटर से एक्टर बने डेविड वॉर्नर एक गैंगस्टर लुक में नजर आते हैं। उनके हाथ में गन दिखती है। एक व्यक्ति उन्हें देखकर कहता है,- 'डेविड भाई।' इसके बाद वह पार्टी करते दिखते हैं, तो कहीं हेलिकॉप्टर से बाहर निकलते हुए नजर आते हैं, साथ ही डेविड के हाथ में एक रेड यानी लाल कलर की लॉलीपॉप भी नजर आती है। अगले सीन में डेविड कुछ गैंगस्टर के साथ नजर आते हैं। वह एक गैंगस्टर को लॉलीपॉप दिखाकर कहते हैं, 'तुम्हें ये चाहिए।' सामने वाला व्यक्ति मना कर देता है। इसके बाद उस शख्स के सिर में गोली लगी नजर आती हैं। तब डेविड का डायलॉग आता है, 'लॉलीपॉप आर रेड, एनिमी आर डेड (लॉलपॉप लाल रंग की होती है और दुश्मन मारे जाते हैं)'। इंग्लिश में बोला गया यह डायलॉग इतना मजेदार है कि कमेंट सेक्शन में फैंस डेविड की खूब तारीफ कर रहे हैं। उनकी एक्टिंग को सराहा रहे हैं। कुछ ही घंटों में इस टीजर वीडियो पर इंस्टाग्राम पर 3 लाख से अधिक व्यूज आ चुके हैं और 18 हजार से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं। फिल्म 'रॉबिनहुड' की कहानी की बात की जाए तो इसमें अभिनेता नितिन का किरदार अमीर लोगों से पैसा चोरी करके गरीब लोगों को देता है। फिल्म में डेविड वॉर्नर का रोल भी काफी अहम है। अब तो खुलासा हो ही चुका है कि वह फिल्म में गैंगस्टर बने हैं। डेविड वॉर्नर की बात करें तो वह असल जिंदगी में साउथ एक्टर अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा' के बहुत बड़े फैन हैं।

### भोजपुरी

## समर के नए गाने 'लाल बिंदिया' ने मचाया बवाल, 30 लाख से ज़्यादा आए व्यूज



भोजपुरी सिनेमा आज किसी भी पहचान का मोहताज नहीं है और आपको बता दें कि यहां पर ऐसे काफी सारे सितारे हैं जिन्होंने एक अच्छी खासी लोकप्रियता हासिल की है। इस लिस्ट में पवन सिंह से लेकर खेसारी लाल यादव और दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ जैसे कलाकारों का नाम भी शामिल है। लेकिन आज हम आपको भोजपुरी एक्टर समर सिंह के बारे में बताने वाले हैं। जानकारी के लिए आपको बता दें कि हाल ही में समर सिंह का एक नया गाना रिलीज हुआ है और यह गाना पुरे सोशल मीडिया पर बवाल मचता हुआ नजर आ रहा है। इस गाने में समर सिंह के साथ में क्वीन शालिनी को रोमांस करते हुए देखा जा रहा है। लगातार दर्शकों द्वारा यह गाना काफी पसंद किया जा रहा है। समर सिंह के इस गाने का नाम 'लाल बिंदिया' है। इस जबरदस्त गाने को टी-सीरीज हमार भोजपुरी नाम के यूट्यूब चैनल द्वारा शेयर किया गया है और अभी के वक्त में यह गाना टॉप 15 ट्रेंडिंग में बना हुआ है। लगातार दर्शकों के बीच में भी यह गाना जमकर छाया हुआ है और क्वीन शालिनी भी खूबसूरत अंदाज में इस गाने में नजर आ रही है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि इस गाने पर अभी तक 3.4 मिलियन से भी ज्यादा व्यूज आ चुके हैं और इसका सिलसिला लगातार बढ़ रहा है। इस गाने के लिरिक्स विमलेश उपाध्याय ने लिखे हैं और वही म्यूजिक देने का काम अजय वर्मा ने किया है। इस गाने को समर सिंह और शिल्पी राज ने अपनी आवाज दी है।

## कैनेडी का फैशन नोट

### लाइफ स्टाइल







*1960 के दशक के शुरूआत में फैशन को लेकर कोई प्रतीकात्मक विशेषता नहीं थी। ऐसे दौर में अमेरिका की प्रथम महिला जैकलीन कैनेडी फैशन उद्योग में उस समय की पहली आइकन स्टाइलिस्ट बन गईं, उनके माध्यम से लोगों को फैशन और बहुत कुछ के बारे में पता चला और कपड़ों के पहले डिजाइनर पाको रबाना थे, जिन्होंने उस समय खूबसूरत कपड़े डिजाइन किए। अब वही 60 का दौर फिर से चलन में है।*

## हेयर स्पा से हो सकता है नुकसान भी, आपको होनी चाहिए जानकारी

यदि आप भी हर महीने सैलून जाकर हेयर स्पा कराती हैं तो उसके नुकसान जान लीजिए। ये आपके बालों को काफी ज्यादा प्रभावित करता है। हेयर स्पा एक ऐसा ट्रीटमेंट है, जिससे बालों में नई चमक सी आ जाती है। इसको कराने से बालों से सम्बंधित कई परेशानियां भी दूर रहती है। यही वजह है कि महिलाएं एक महीने में दो से तीन बार हेयर स्पा कराना पसंद करती हैं। हेयर स्पा में शैंपू, हेयर क्रीम, हेयर मास्क और कंडीशनर वगैरह लगाकर बालों की डीप मॉइश्चराइजिंग की जाती है, साथ ही स्टीम भी दी जाती है। इसकी वजह से बाल काफी ज्यादा चमक जाते हैं। वैसे तो इससे बालों को काफी लाभ मिलते हैं, लेकिन यदि हेयर स्पा को बार-बार कराया जाए तो इससे बालों को काफी नुकसान पहुंचता है।



### बढ़ेगी हेयर फॉल की समस्या

यदि आप नियमित रूप से हेयर स्पा लेंगी तो हेयर फॉल की समस्या बढ़ सकती है। ये परेशानी ज्यादातर उन लोगों में होती है, जिसकी स्कैल्प संवेदनशील होती है। सेंसिटिव स्कैल्प वाले लोगों को हर हेयर केयर प्रोडक्ट सूट नहीं करता है। इसलिए यदि वो हेयर स्पा करा भी रही हैं तो प्रोडक्ट को एक बारी चेक कर लें, ताकि आपको किसी तरह का कोई खतरा न रहे।

### स्कैल्प को पहुंचाएगा नुकसान

कई बार हेयर स्पा करने में ऐसे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल होता है, जिनमें भारी मात्रा में केमिकल पाए जाते हैं। ऐसे में यदि आपको इन केमिकल्स से एलर्जी हो, तो हेयर स्पा करने से बचें। केमिकल वाले प्रोडक्ट स्कैल्प या बालों को और भी नुकसान पहुँचाने का कारण बन सकता है।

### बालों का रंग उड़ेगा

बार-बार हेयर स्पा कराने से बालों का रंग उड़ने लगता है। क्योंकि हेयर स्पा में कई ऐसे प्रोडक्ट इस्तेमाल किए जाते हैं,जिनमें ब्लीच पाया जाता है। इसी की वजह से बालों का रंग उड़ने का खतरा रहता है।

### बाल होंगे ड्राई

यदि आप बार-बार या महीने में कई बार हेयर स्पा कराती हैं, तो इससे बालों की प्राकृतिक नमी में कमी में आ सकती है। इसकी वजह से कई बार बालों के साथ-साथ स्कैल्प भी ड्राई होने लगती है, जिस कारण स्कैल्प पर रूसी जमने लगती है।

### जेब होगी खाली

बार-बार हेयर स्पा कराने का सबसे बड़ा नुकसान यही है। इसकी वजह से आपकी जेब काफी ज्यादा खाली होगी, क्योंकि किसी छोटे से सैलून में भी हेयर स्पा कराने के लिए आपको 500 से लेकर 1000 रूपये तक आसानी से खर्च करने पड़ सकते हैं। इसलिए जरूरत हो, तभी हेयर स्पा कराएं।

## समर में अपने स्टाइल से बिखेरें जादू ये आउटफिट आएंगे आपके काम





गर्मी के मौसम में अधिकतर लड़कियां ऐसे ऑउटफिट पहनना पसंद करती हैं, जो आर्कषक लुक देने के साथ-साथ गर्मी से भी बचाए। लेकिन आप आउटफिट के रंग और फैब्रिक को ध्यान में रखकर न सिर्फ गर्मी को मात दे सकती हैं, बल्कि आकर्षक लुक भी पा सकती हैं। वहीं, यदि आप भी उनमें से एक हैं, जो हमेशा खूबसूरत दिखना चाहती हैं और स्टाइल से कोई समझौता नहीं करतीं, तो आपको इस साल का समर ट्रेंड जरूर जान लेना चाहिए।

**छाया रहेगा बोहो लुकः** इस साल स्प्रिंग और समर सीजन के दौरान बोहो फैशन काफी चलन में रहेगा। समर सीजन में बोहो लुक एक बहुत ही स्टाइलिश और आरामदायक विकल्प होता है। इसमें हल्के, फ्लोइंग कपड़े, जैसे कि क्रॉप टॉप्स, डेनिम शॉर्ट्स और एथनिक प्रिंट्स वाली ड्रेसेस शामिल हैं। इस लुक को कैजुअल और फ्री-स्पिरिटेड बनाते हुए दुपट्टे, बेली बूट्स और फ्लैट सैंडल्स के साथ स्टाइल किया जा सकता है। एक्सेसरीज में चूड़ियां, चंकी नेकलेस और हिप्पी स्टाइल की मदद से बोहो लुक को कंप्लीट किया जा सकता है। हल्के रंगों और नेचुरल टोन के कपड़े समर सीजन के लिए परफेक्ट हैं, जो आरामदायक और ट्रेंडी, दोनों हैं।

**शर्ट के जलवेः** इस साल अगर आप स्टाइल और आराम, दोनों की तलाश में हैं तो बैगी शर्ट ट्राई कर सकती हैं। यह इस सीजन के सबसे हॉट ट्रेंड में से एक है। ओवरसाइज्ड, लूज और रिलेक्स्ड फिट वाली इन शर्ट्स को आप जींस, लूज फिटेड शॉर्ट, स्कर्ट या ब्रालेट के साथ पहन सकती हैं। इसके अलावा साल भर डुअल टोन शर्ट का ट्रेंड भी छाया रहेगा। इसमें आपको ब्राइट एंड वाइब्रेट कलर शेड मिलेंगे। बैगी शर्ट को आप ड्रेस, जैकेट, लेयरिंग पीस या नॉर्मल शर्ट की तरह पहन सकती हैं। यह हर स्टाइल के साथ फिट हो जाती है। अगर क्लासिक कैजुअल लुक चाहती हैं तो शर्ट को डेनिम के साथ पहन सकती हैं।

**हॉट पैंट और एक्वेटिक प्रिंट्सः** हॉट पैंट का ट्रेंड पिछले कुछ समय से कम नजर आ रहा था, लेकिन इस साल समर सीजन में हॉट पैंट्स का चलन एक बार फिर दिखाई देगा। इसके साथ ही मिनी स्कर्ट का ट्रेंड भी देखने को मिल सकता है। साल भर एक्वेटिक प्रिंट्स भी पसंद किए जाएंगे। एक्वेटिक प्रिंट्स में वाटर इंस्पायर्ड कलर और डिजाइन का इस्तेमाल किया जाएगा। शिमर से फ्लोरल तक ये ट्रेंड इस साल छाए रहेंगे।

**स्ट्रैपलेस ड्रेस और एनिमल प्रिंटः** ग्लैमरस लुक के लिए आप स्ट्रैपलेस या ट्यूब स्टाइल ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। इसमें आप फ्लोरल प्रिंट वाली स्ट्रैपलेस ड्रेस या नाइट पार्टी के लिए सीक्वेंस स्ट्रैपलेस ड्रेस पहन सकती हैं। इस समर एनिमल प्रिंट फैशन में एक बड़े ट्रेंड के रूप में उभरने वाला है। टाइगर, जेबरा और लेपर्ड प्रिंट्स को समर आउटफिट्स में देखा जाएगा। इन प्रिंट्स का उपयोग ड्रेस, शर्ट, स्कर्ट और एक्सेसरीज में किया जाएगा, जो वाइल्ड और ट्रेंडी लुक प्रदान करेंगे।

## चेहरे घरेलू नुस्खे इस्तेमाल करने से पहले जान लें हकीकत, उड़ सकती है रंगत

गर्मियों का मौसम शुरू हो गया है, ऐसे में हर किसी को इस मौसम में अपनी त्वचा का ध्यान रखना चाहिए। यदि गर्मी के मौसम में त्वचा का ध्यान न रखा जाए तो मई-जून में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी के चलते लोग अभी से अपनी त्वचा का ध्यान रखने लगते हैं।

### नींबू का रस

यदि आप नींबू का रस चेहरे पर लगा रहे हैं तो हमेशा ही इस बात का रखें कि नींबू के रस में पाए जाना वाला एसिड त्वचा को ड्राई कर देता है। ऐसे में जब आप इस भीषण गर्मी में नींबू का रस लगाकर बाहर जाएंगे तो आपको चेहरे पर जलन या एलर्जी की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए इसका उपयोग जितना हो सके न ही करें।



**हल्दीः** जिन लोगों की त्वचा संवेदनशील है, उन्हें तो गर्मी के मौसम में हल्दी के इस्तेमाल से बचना ही चाहिए। हल्दी के उपयोग से कई बार त्वचा पर सूजन तक आ जाती है। इतना ही नहीं, कई बार इसके इस्तेमाल से ही आपकी त्वचा पीली पड़ सकती है। इसलिए हल्दी से भी दूरी बनाकर रखें।

**टी ट्री ऑयलः** आजकल अक्सर फेसपैक से लेकर फेस वॉश तक में ये पाया जाता है। इसमें एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं, लेकिन यह संवेदनशील त्वचा पर जलन पैदा कर सकता है। इसलिए इसका इस्तेमाल कभी भी सीधे त्वचा पर न करें। इसे हमेशा पानी या किसी अन्य तेल के साथ मिलाकर प्रयोग करें।

**दहीः** गर्मी के मौसम में त्वचा पर दही काफी फायदा पहुंचाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यही दही अगर ज्यादा समय के लिए त्वचा पर लगाया जाए तो आपकी त्वचा को डैमेज कर सकता है। इसलिए भले ही ये आपको सूट कर रहा है, लेकिन फिर भी इसका इस्तेमाल कम से कम ही करें।


**चंदन का पेस्टः** वैसे तो गर्मी के इस मौसम में चंदन का पेस्ट त्वचा को काफी फायदा पहुंचाता है लेकिन यदि इसका इस्तेमाल ज्यादा समय के लिए किया जाए तो इससे त्वचा पर रिएक्शन हो सकता है।

## आईलाइनर लगाकर सोने के हैं नुकसान, आपको जानना जरूरी

दरअसल, अक्सर कुछ महिलाएं रात के समय लाइनर लगाकर सो जाती हैं, जिसकी वजह से उनकी आंखों पर काफी गहरा असर पड़ता है। हम आपको इसी बारे में जानकारी देने जा रहे हैं कि रात से समय लाइनर लगाकर सोने से आंखों को क्या नुकसान पहुंच सकते हैं।

**बढ़ जाता है इंफेक्शन का खतराः** आंखों में न सिर्फ लाइनर बल्कि कोई भी मेकअप लगाकर सोने से इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आई लाइनर में ऐसे केमिकल पाए जाते हैं जो आंखों के लिए खतरा हैं। इसलिए जब भी रात को सोएं तो मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करके लाइनर को हटा दें।

**होने लगती है जलनः** आंखों में लाइनर लगाकर सोने से आंखों में जलन की संभावना पैदा हो सकती है। क्योंकि सोते समय जब आंखें



बंद होती हैं तो लाइनर में पाए जाने वाले कण आंखों के अंदर चले जाते हैं, जिस वजह से सुबह तक आपके आंखों में जलन हो सकती है। कई बार तो आंखों में सूजन तक आ जाती है।

**डार्क सर्कल की समस्याः** इस समस्या से तो आजकल ज्यादातर लोग ही परेशान हैं। यदि आप भी डार्क सर्कल से परेशान हैं तो इस बात पर ध्यान दें कि कहीं आप भी तो लाईनर लगाकर नहीं सो जातीं। इसकी वजह से भी डार्क सर्कल की समस्या बढ़ती जा रही है। इसलिए सोने से पहले आईमेकअप को रिमूवर से साफ करें और फिर चेहरे को क्लींजर से धो लें।

**आंखों की रोशनी पर पड़ेगा प्रभावः** कई बार तो लाइनर लगाकर सोने से परेशानी इस कदर बढ़ जाती है, कि इसकी वजह से आंखों की रोशनी तक पर प्रभाव पढ़ने लगता है। आंखे शरीर का सबसे नाजुक अंग होती हैं। ऐसे में यदि इसमें कोई केमिकल लगातार जा रहा है, तो इससे रोशनी पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।

**झुर्रियांः** यदि आप भूल से आई लाइनर लगाकर सो गई हैं, तब तो अलग बात है, लेकिन यदि आप अक्सर ऐसा करती हैं तो आपको इस परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। लगातार आंखों में आई लाइनर लगाकर सोने से आंखों के आस-पास झुर्रियां होने लगती हैं। इसलिए रात में रोते समय आई लाइनर को अवश्य हटाएं।

### कार्नर न्यूज

## आम फेशियल से अलग हट कर है हाइड्रा, जानिए इसके बारे में

## चलन बढ़ रहा हाइड्रा फेशियल का, इस्तेमाल करने से पहले जान लें इसके फायदे और नुकसान

निखार जरूरी है, क्योंकि यह आत्मविश्वास बढ़ाता है। इसके लिए ढेर सारे ब्यूटी ट्रीटमेंट आ चुके हैं। इन्हीं में से एक है हाइड्रा फेशियल। जानकार कहते हैं कि यह आम फेशियल से अलग है। प्रदूषण, तरह-तरह के सौंदर्य उत्पाद का इस्तेमाल और अव्यवस्थित जीवन-शैली त्वचा को नुकसान पहुंचाती है। मगर खूबसूरती मायने रखती है, इसीलिए सभी तरह की स्किन प्रॉब्लम्स को ध्यान में रखते हुए कई तरह के ब्यूटी ट्रीटमेंट्स डिजाइन किए गए हैं, जैसे- एंटी-एजिंग फेशियल, गोल्ड फेशियल और एक्ने फेशियल। इसी कड़ी में जुड़ा है, हाइड्रा फेशियल। जैसा कि इसके नाम से ही पता चलता है कि यह स्किन को हाइड्रेट करता है और कई तरह से लाभ पहुंचाता है।

### तीन स्टेप की प्रक्रिया

हाइड्रा फेशियल एक मल्टी-स्टेप प्रक्रिया है। यह त्वचा को साफ कर उसे आराम पहुंचाती है। इसके मुख्य रूप से तीन चरण हैं, जिसमें पहला है- क्लींजिंग और एक्सफोलिएशन। इसमें त्वचा की गहरी सफाई की जाती है और मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए हल्के एक्सफोलिएटिंग उपकरण का इस्तेमाल किया जाता है।

फिर बारी आती है, एंट्रीऑक्सिडेंट और हाइड्रेशन की, जिसमें त्वचा को हाइड्रेट और पोषित करने के लिए कस्टम सीरम लगाया जाता है। अंत में बारी आती है एक्सट्रैक्शन और हाइड्रेशन की, जिसमें ब्लैकहेड्स को हटाने के लिए गहराई से एक्सट्रैक्शन कर त्वचा को हाइड्रेट किया जाता है।

### कोलेजन उत्पादन में वृद्धि

हाइड्रा फेशियल करवाने के बाद आपको अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत नहीं, बल्कि आप तुरंत अपने रूटीन में लौट सकती हैं। इसकी मदद से आप स्किन को हाइड्रेड कर सकती है। यह डेड स्किन को हटाता है, जिससे एक्ने की समस्या से छुटकारा मिलता है। त्वचा नरम और मुलायम होती है। इसके अलावा फाइन लाइन और एजिंग लाइन भी कम की जा सकती है। हाइड्रा फेशियल त्वचा को फ्रेश कर कोलेजन के उत्पादन को बढ़ाता है।



### सबके लिए नहीं

जिनकी त्वचा संवेदनशील है, उन्हें हाइड्रा फेशियल से बचना चाहिए। असल में, इस फेशियल से डेड सेल्स को हटाया जाता है और डेड सेल हटाने की प्रक्रिया सभी तरह की त्वचा के लिए अनुकूल नहीं होती है। साथ ही हाइड्रा फेशियल कराने से स्किन ड्राई होती है, जिस कारण त्वचा में जलन महसूस हो सकती है। वहीं, यदि हाइड्रा फेशियल उपचार सक्रिय दाने या सनबर्न पर किया जाए तो यह स्थिति को और खराब कर सकता है। यह ट्रीटमेंट केवल एपिडर्मोइड तक ही जाता है। साथ ही हाइड्रा फेशियल की प्रक्रिया केवल एक बार में नहीं होती है, बल्कि इसके लिए कई सेशन लेने पड़ते हैं।

### खान-पान हो अच्छा

त्वचा को सेहतमंद रखने के लिए हमेशा हेल्दी डाइट लें। सब्जियां, फल और डेयरी प्रॉडक्ट्स को खान-पान का हिस्सा बनाएं। डाइट में विटामिन बी12 को शामिल करें। शरीर में विटामिन बी12 की कमी आपकी उम्र ज्यादा दिखाती है। आप हाई फैट से दूर रहें और डेयरी प्रॉडक्ट को शामिल करें, लेकिन सही मात्रा में।

डॉ. सीमा रानी, प्रोफेसर, त्वचा विज्ञान विभाग, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली का कहना है कि हाइड्रा फेशियल स्किन को साफ करने, युवा दिखने और दाग-धब्बों को कम कर टैनिंग को हटाने की एक कॉस्मेटिक प्रक्रिया है। यह सामान्य फेशियल से अलग है। इसमें केमिकल पील किया जाता है और क्लींजिंग के साथ ब्लू रेड लाइट थेरेपी भी की जाती है। अगर आप इस प्रक्रिया को अपनाने जा रही हैं तो सबसे पहले इसके बारे में पूरी जानकारी हासिल कर लें और किसी एक्सपर्ट से ही ट्रीटमेंट कराएं।